नई दिल्ली
शुक्रवार, 6 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 52
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 30

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित भगवान महावीर वनस्थली पार्क में पौधारोपण किया।



## अयोध्या में भगवान श्रीराम का 'दरबार' सजा

### मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया

गंगा दशहरे पर अयोध्या के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में गंगा दशहरे के दिन राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। सीएम योगी ने राम दरबार का पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे तक चला। रामलला के गर्भगृह के ऊपर यानी फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार बनाया गया है। इसमें श्रीराम, मां सीता, तीनों भाई-लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ हनुमानजी की मूर्तियां हैं। काशी के पुरोहित जय प्रकाश त्रिपाठी ने 101 पंडितों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया।

**सीएम योगी बोले मोदी आधुनिक भारत के भगीरथ**




### दान में मिले हीरे, सोने-चांदी के आभूषण

भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं। जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। वहीं, राम दरबार के लिए सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान दिए। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवादिया ने कहा- दान दिए आभूषणों में एक हजार कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 300 कैरेट रुबी से 11 मुकुट बनाए गए हैं। इनके अलावा, गले का हार, कान के कुंडल, माथे का तिलक, चारों भाइयों के लिए धनुष-बाण हैं। इन आभूषणों को चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या लाया गया। बता दें 22 जनवरी, 2024 रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चिनाब ब्रिज का पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के इतिहास में छह जून को नया अध्याय जुड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब पर बने एफिल टावर से ऊंचे आर्च ब्रिज यानी मेहराब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। माता वैष्णो देवी मंदिर स्थल कटड़ा में 46,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि पीएम मोदी कटड़ा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे। यह दरिया से 359 मीटर की ऊंचाई पर है। पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में केवल 3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा का समय दो से तीन घंटे कम हो जाएगा।

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने रचाई शादी



**नई दिल्ली।** ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की तेजतर्रार सांसद महुआ मोईत्रा ने 3 मई को गुपचुप तरीके से जर्मनी में शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी बने हैं बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता पिनाकी मिश्रा। फिलहाल, अपनी शादी को लेकर न तो महुआ मोईत्रा और न ही पिनाकी मिश्रा की तरफ से कोई बयान सामने आया है और दोनों ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। दोनों नेताओं की शादी जर्मनी में हुई है। शादी से जुड़ी तस्वीर भी वायरल है। जिसमें महुआ मोइत्रा मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि तृणमूल सांसद पारंपरिक परिधान और सोने के गहनों से सजी हुई हैं।

ट्रंप के मध्यस्थता के दावे को मिले राहुल गांधी के समर्थन पर थरूर की दो टूक...

## पाकिस्तान आतंकवाद की भाषा बोलेगा तो हमारा जवाब फौज की भाषा में ही दिया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले महीने 10 मई को हुए संघर्षविराम को कुछ ही दिनों में एक महीना हो जाएगा। लेकिन दोनों देशों के यहां तक पहुंचने में किसकी भूमिका रही यानी 'मध्यस्थता' के मुद्दे की गूंज आज भी घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने मध्यस्थता के पुराने दावे के साथ अडिग हैं, तो स्वदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उनके समर्थन में जमकर ताल ठोक रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच कांग्रेस के ही एक अन्य नेता शशि थरूर ने अमेरिका में ही बैठकर उक्त दोनों दावों से इतर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में भारत का रुख साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि 'भारत को किसी की मध्यस्थता की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारा देश, अमेरिका के राष्ट्रपति पद और राष्ट्रपति ट्रंप का सम्मान करता है। लेकिन हमने कभी नहीं चाहा कि हम किसी से मध्यस्थता के लिए कहें और किसी को हमें ये बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है'। क्योंकि हम उनसे कह रहे थे कि जैसे ही पाक रुकेगा, हम भी रुक जाएंगे। यह जानकारी कांग्रेस नेता ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

**भारत को किसी की मध्यस्थता की कोई दरकार नहीं**

**अमेरिकी सांसदों ने की पहलगाम हमले की निंदा, आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को सराहा**




### यूं तीसरे पक्ष की कोई जरूरत नहीं

*शशि थरूर ने पाकिस्तान को भी चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों की भाषा में बात करने में कोई परेशानी नहीं है। जब तक वो आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करेंगे, हमारा जवाब फौज की भाषा में ही दिया जाएगा और उसके लिए हमें किसी तीसरे पक्ष की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान से बातचीत को लेकर कहा कि अगर वह उसके देश में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर देता है तो हम उससे (पाक) बात कर सकते हैं। अगर पाकिस्तान ने गंभीर कदमों के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की इच्छा जताई तो हम उनसे जरूर बात करेंगे। उसमें हमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अगर उन्होंने पाकिस्तानियों से कहा कि आप रुक जाइए क्योंकि भारतीय रुकने को तैयार हैं और उन्होंने ऐसा ही किया तो ये पाक को लेकर उनकी ओर से एक अच्छा कदम था। उन्होंने कहा, हमारी बातचीत में इनमें से कुछ बातें सामने नहीं आईं। यह बात वो रचनात्मक भावना से कह रहे हैं।*

### सिर पर बंदूक तानने वालों से बातचीत कैसी?

*उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका को भी अब साफ तौर पर ये समझ में आ गया है कि हमारे सिर पर बंदूक तानकर कोई बातचीत नहीं होगी। इसका अर्थ ये नहीं है कि हम पाक से संवाद नहीं कर सकते हैं। भारत वह तमाम भाषाएं बोल सकता है जो पाकिस्तान बोल रहा है। यहां समस्या यह है कि हम उन लोगों से बातचीत नहीं करेंगे जो हमारे सिर पर बंदूक तान रहे हैं। ऐसा नहीं होगा। थरूर ने बताया कि ऐसे में जब कोई आपसे पूछता है कि क्या भारत, पाक से बात करेगा या मध्यस्थता से बातचीत को बढ़ावा मिलेगा। तो हमारा जवाब बिलकुल साफ है कि जो लोग हम पर बंदूक तान रहे हैं, हम उनसे बातचीत नहीं कर सकते हैं। उन्होंने हमलावर कुत्तों का उदाहरण देकर समझाया कि अगर आपका पड़ोसी अपने हमलावर कुत्तों के साथ आपके बच्चों पर हमला करे और फिर कहे कि चलो बात करते हैं। तो क्या आप उसके द्वारा कुत्तों को दूर हटाने तक बातचीत कर सकते हैं।*

### भारत-अमेरिका की साझेदारी 'मूल्यवान'

*कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के मन में अमेरिका के प्रति बेहद सम्मान है और वाशिंगटन के साथ हमारी अति-महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी है। जिसे हम किसी छोटी सी बात के कारण खतरे में नहीं डालना चाहते हैं। वर्तमान में हम सहयोग के तमाम क्षेत्रों पर चर्चा कर रहे हैं और उन्हें आगे बढ़ाने में भी रुचि रखते हैं। इसी संदर्भ में मैं कहूंगा कि छोटी-छोटी बातें हो सकती हैं। लेकिन हम कल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।*

### थरूर के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य

*शशि थरूर की अगुवाई वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई और आतंकवाद को कभी भी बर्दाश्त न करने की नीति के बारे में दुनिया के देशों को अवगत कराने की प्रक्रिया के तहत पिछले मंगलवार को अमेरिका पहुंचा था। कांग्रेस नेता को मिलाकर उनके प्रतिनिधिमंडल में कुल 9 सदस्य हैं। जिनमें भाजपा से शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता और तेजस्वी सूर्या शामिल हैं। जबकि विपक्षी दलों से एलजेपी (रामविलास) से श्रीमती* ▸▸ शेष पेज 5 पर

पुतिन-ट्रंप की बातचीत में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हुई चर्चा

## पाकिस्तानी पीएम का रूसी राष्ट्रपति से आग्रह, भारत संग विवाद को हल करने में मदद करें



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष का मामला रूस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों की हालिया बातचीत में शामिल किया गया। क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव ने एक मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। इसका उल्लेख रूसी समाचार एजेंसी तास ने भी करते हुए बताया कि राष्ट्रपति पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बीते बुधवार को फोन पर बातचीत हुई थी। जिसमें मध्य पूर्व में जारी तनाव के अलावा भारत और पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति की व्यक्तिगत पहल पर रोका गया। यूरी ने मामले पर हालांकि मीडिया से ज्यादा जानकारी साझा नहीं की। अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में भी पुतिन से हुई बातचीत में भारत-पाकिस्तान संघर्ष का उल्लेख नहीं किया। उधर, इन सबके बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रूस के राष्ट्रपति से ये अनुरोध किया है कि वो भारत के साथ जारी उनके देश के विवाद को रोकने में सहायता प्रदान करें। पाक पीएम के विशेष दूत सैयद तारिक फातमी ने पिछले ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप का संघर्षविराम का दावा बरकरार

*यहां बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप लगातार पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष को रुकवाने के लिए हुए संघर्षविराम में बतौर मध्यस्थ अहम भूमिका निभाने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि उसके और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम पांच बजे से लागू हुआ संघर्षविराम दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) की बातचीत पर आधारित है। जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। बताते चलें कि फातमी का रूस दौरा द्रमुक नेता कनिमोझी के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रूस यात्रा के समापन के बाद हुआ। जिसमें भारतीय दल ने रूसी पक्ष को पाकिस्तान की तरफ से जारी सीमा पार आतंकवाद के बारे में जानकारी दी। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप रूस का भारत को आतंकवाद और उसके विरोध से जुड़ी जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर पुरजोर समर्थन मिला।*

## सीएम नायब सैनी ने की केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने इस अवसर पर शाह को हरियाणा में व्यापक स्तर पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे साइक्लोथॉन अभियान से संबंधित बुकलेट भी भेंट की।सैनी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा 'हरियाणा की नॉन-स्टॉप भाजपा सरकार प्रदेश को नशा-मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। गृहमंत्री जी ने भी सरकार के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इस अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग का आश्वासन दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ने ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में कई मुद्दों पर रखे विचार

## हमें ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए





**कहा, ऑपरेशन सिंदूर का एकमात्र उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने कहा कि, "भारत ऐसी निष्पक्ष और विधिसम्मत वैश्विक व्यापार प्रणाली का समर्थन करता है जो ग्लोबल साउथ की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पर्याप्त रूप से मुखरित करती हो।" उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स संसदीय मंच को एक महत्वपूर्ण मंच मानता है, जहाँ हम साझे प्रयासों और परस्पर संवाद के माध्यम से आर्थिक विकास की रूपरेखा को पुनःपरिभाषित कर सकते हैं। यह ▸▸ शेष पेज 5 पर

## चुनाव सरल, सुगम और पारदर्शी हो चुनाव आयोग ने इस कोशिश में आधुनिक तकनीक को जोडा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, त्वरित और कुशल बनाने के लिए इंडेक्स कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने हेतु एक नई, तकनीक-संचालित और सुव्यवस्थित प्रणाली शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक मैनुअल विधियों को बदलना है, जो समय लेने वाली और त्रुटियों की संभावना सेयुक्त थीं। इस नई प्रणाली से चुनाव परिणामों की घोषणा में तेजी आएगी और डेटा की सटीकता बढ़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित अन्य चुनाव आयुक्तों ने मिलकर चुनावी प्रक्रिया को आधुनिक तकनीकी की मदद से सुगम, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सतत प्रयास जारी रखे हैं।

### डिजिटल और स्वचालित प्रणाली:

*निर्वाचन आयोग ने ईसीआईनेट नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मतदान डेटा को अपलोड करने की प्रक्रिया को लागू किया है। बूथ अधिकारी अब हर दो घंटे में मतदाता मतदान (वोटर टर्नआउट) डेटा को ईसीआईनेट पर अपलोड करेंगे। मतदान समाप्त होने के एक घंटे के भीतर अंतिम मतदान के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जिससे मैनुअल सबमिशन की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।*

### इंडेक्स कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट का डिजिटलीकरण

*इंडेक्स कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट अब पूरी तरह डिजिटल प्रारूप में तैयार की जाएंगी। यह प्रणाली स्वचालन और डेटा एकीकरण का उपयोग करके तेजी से और सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। पारंपरिक मैनुअल तरीकों में समय लगता था और त्रुटियों की संभावना रहती थी। नई प्रणाली इन कमियों को दूर करती है, जिससे डेटा संग्रह और विश्लेषण में तेजी आती है।*

### लाभ और प्रभाव

*नई प्रणाली से मतदान के आंकड़े और परिणाम जल्दी उपलब्ध होंगे, जिससे जनता और हितधारकों को समय पर जानकारी मिलेगी। डिजिटल प्रणाली फर्जी बयानबाजी और अफवाहों को रोकने* ▸▸ शेष पेज 5 पर

कहा, सब्सिडी उन्हें ही मिलनी चाहिए जो असल में उसके हकदार हैं

## छोटी जोत वाले किसानों के लिए किफायती कृषि यंत्र बनाना जरूरी: शिवराज सिंह

**केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने पटियाला में कृषि यंत्रों के कारखाने का दौरा किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बृहस्पतिवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत पंजाब के किसानों से मिले। खेतों में जाकर फसल और उत्पादन का जायजा लिया। साथ ही पटियाला के अमरगढ़ का दौरा कर कृषि यंत्रों के कारखाने में विभिन्न कृषि मशीनों, यंत्रों और उपकरणों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसाल, डॉ. बसंत गर्ग, सचिव, पंजाब कृषि विभाग, वैज्ञानिक व अधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे। चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया को कृषि यंत्र निर्यात करने की दिशा में भी काम करना चाहिए। जिसके लिए राज्य सरकारों ▸▸ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लापरवाही पर की सख्त कार्रवाई

## बेंगलुरू पुलिस कमिश्नर समेत कई अधिकारियों पर गिरी गाज, गिरफ्तारी के आदेश भी जारी

एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन, 30 दिन में सौंपेंगे रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरू



**कर्नाटक सरकार आयोजनों के लिए बनाएगी नियम**

बेंगलुरू में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने पर कर्नाटक सरकार की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस ऑफिसर, एसीपी, सेंट्रल डिवीजन डीसीपी, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा, हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस माइकल डी कुन्हा की अध्यक्षता में हमने एक सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है। आयोग 30 दिनों में रिपोर्ट सौंपेगा। वहीं सीएम ने कहा- आरसीबी, इवेंट मैनेजर डीएनए, केएससीए, जिन्होंने उनका प्रतिनिधित्व किया, हमने उन्हें गिरफ्तार करने का निर्णय लिया है। वहीं कर्नाटक सरकार ने बंगलूरू हादसे के बाद सबक लेते हुए ऐलान किया है कि आगे से राज्य में किसी भी बड़े आयोजन के प्रबंधन के लिए नियम बनाए जाएंगे और इसके लिए पूरा एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर-मानक ढांचा) बनाया जाएगा। इस एसओपी में उन नियम-शर्तों का उल्लेख होगा, जो बड़े आयोजन के लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### हादसे पर आरोप-प्रत्यारोप जारी

*वहीं बेंगलुरू भगदड़ पर कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने बड़ा बयान दिया और सरकार पर लग रहे लापरवाही के आरोपों के बीच उन्होंने इवेंट के आयोजन से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि हमें किसी इवेंट का आयोजन नहीं किया, न ही हमने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को बेंगलुरू बुलाया। वे खुद ही यहां आए। दरअसल, भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच जारी अनबन की वजह से जरूरी व्यवस्थाओं में चूक हुई और इतना बड़ा हादसा हो गया।*

## दक्षिण पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में हुआ हादसा

# मकान में लगी आग, कई झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी इलाके में गुरुवार सुबह एक मकान में आग लगने से कई लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।

पुलिस के अनुसार 5 जून को प्रातः 9:35 बजे अनीशा मित्तल पत्नी अश्विन मित्तल द्वारा पीसीआर कॉल के माध्यम से उनके निवास 33/1, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी ईस्ट में आग लगने की सूचना दी गई थी। कॉल प्राप्त होते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पाया गया कि दो व्यक्ति सतीश कुमार और सतेंद्र आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। उन्हें तत्काल होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि कॉलर अनीशा मित्तल ने अपने घर के सोफा सेट की सफाई हेतु कुछ लोगों को बुलाया था। सफाई के दौरान उन्होंने थिनर का उपयोग किया जो कि एक अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ है। जब वे सोफे की सफाई कर रहे थे, तभी थिनर ने आग पकड़ ली। इस दुर्घटना में दोनों क्लीनर सतीश कुमार और सतेंद्र झुलस गए। उन्हें होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके अलावा चार कैट्स एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची थी जिनके जरिये ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सतीश कुमार 20 प्रतिशत जला है। वहीं सतेंद्र को 50 प्रतिशत बर्न इंजरी है। दोनों घायल होश में बताये गये हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। पुलिस ने बताया कि आग बुझाने के बाद भवन की जांच की गई। भवन की संरचना सुरक्षित है और गिरने का कोई खतरा नहीं है।





नई दिल्ली। जनकपुरी इलाके में दो बसों और एक कार में आग लगने के बाद आग बुझाते हुए दमकल कर्मी। फोटो : एजेंसी

### जनकपुरी आग : मौके पर पहुंची दमकल की आठ गाड़ियां

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में ए 2, ब्लॉक, आर्य समाज मंदिर के पास एक मकान में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, आग लगने की सूचना दोपहर एक बजकर 11 मिनट पर मिली थी। सी 1, ब्लॉक जनकपुरी में भी दो बसों और एक कार में आग लगने का मामला सामने आया। गुरुवार शाम पांच बजकर 28 मिनट पर दमकल को इस घटना की सूचना मिली थी। मौके पर दो दमकल वाहनों को भेजा गया था। हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। इसके अलावा चांदनी चौक में भी एक दुकान में आग की घटना सामने आई। दमकल विभाग को पांच बजकर 51 मिनट पर आग की सूचना मिली। दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर 419, स्पलैंडिड रोड, अपॉजिट परेड ग्राउंड पार्किंग, नजदीक तारा होटल, चांदनी चौक भेजा गया था। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एलपीजी सिलेंडर फटा, चार घायल

सीलमपुर इलाके में बृहस्पतिवार को एलपीजी सिलेंडर फट गया। इस हादसे में चार लोग बुरी तरह से झुलस गए। घायलों में एक बच्चा और महिला भी शामिल है। सभी को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक सुबह 11 बजकर 17 मिनट पर दमकल विभाग को सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना मिली थी। सिलेंडर में गैस रिसाव के चलते आग लगी थी। सीलमपुर जी ब्लॉक, नजदीक गुरुद्वारा घटनास्थल पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां भेजी गई। 11 बजकर 45 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया था। झुलसे लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निगम पर 65 लाख के चाइनीज प्रिंटर खरीद में घोटाले के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कबाड़ हो चुके प्रिंटर्स मामले में निगम प्रशासन ने साधी चुप्पी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का शिक्षा विभाग विगत दिनों भी कई मामलों के चलते सुर्खियों में रहा है और अब फिर से एक मामला सामने आया जिसमें शिक्षा विभाग पर 65 लाख के चाइनीज प्रिंटर खरीद में घोटाले के आरोप लगाए गए हैं और ये पिं्रटर अब कबाड़ बन चुके हैं और इन खरीद प्रक्रिया की जांच करने की बजाय निगम का उच्च नेतृत्व और शिक्षा विभाग के अधिकारी उसे दबाने और दोषी अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस संबंध में जब निगम प्रशासन से स्पष्टीकरण और मीडिया प्रतिक्रिया मांगी गई तो निगम प्रशासन ने चुप्पी साध ली। निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि सत्र 2023-24 में जैसे ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर घोटाला हुआ था उसी समय शिक्षा विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त आयुक्त और शिक्षा निदेशक (दोनों पद एक ही व्यक्ति के पास थे) विकास त्रिपाठी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर 500 स्कूलों के लिए एक चाइनीज कंपनी के 500 प्रिंटर खरीदे और तत्कालीन अधिकारियों ने उसका अप्रूवल बनाया और निदेशक ने इसकी स्वीकृति दी। ये सब आपसी मिलीभगत से हो रहा था। बताया गया कि सत्र 2023-24 में खरीदे गए ये प्रिंटर मात्र 2 से 3 महीने में ही खराब हो गए आज ये 500 प्रिंटर सभी स्कूलों में कबाड़ बने हुए हैं।

## अतिक्रमण की वजह से नालों में पानी का बहाव न रुके : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। अतिक्रमण की वजह से नालों में पानी का बहाव न रुके। इस बात निर्देश गुरुवार को दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को दिए। महरौली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे वर्मा ने उन स्थानों का निरीक्षण किया, जो बार-बार जलभराव और जल निकासी संबंधी समस्याओं के लिए जाने जाते हैं। वर्मा ने कहा कि हमारा संदेश स्पष्ट है कि कोई बहाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर विभाग को सही तालमेल के साथ काम करना चाहिए और बारिश आने से पहले हर नाले की सफाई होनी चाहिए। हम इस तत्परता के लिए दिल्ली के लोगों के आभारी हैं। मंत्री ने साकेत गुरुद्वारा के पास, दरगाह महरौली, मोती लाल नेहरू कैंप और कुसुमपुर पहाड़ी कुतुब संस्थान क्षेत्र के पास नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की जल निकासी व्यवस्था को एक दशक से अधिक समय से नजरअंदाज किया गया और पिछले 10 वर्षों में कोई भी बड़ी सीवर-लाइन परियोजना शुरू नहीं की गई है। वर्मा ने कहा कि दीर्घकालिक योजना की कमी ने दिल्ली के कई हिस्सों में बाढ़ की समस्या को और बदतर बना दिया है।

# शेख सराय में पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे दो शूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ महरौली सीडीआर चौक पर हत्या में थे शामिल



दक्षिणी दिल्ली के शेख सराय इलाके में बुधवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में दो शूटरों को घायल कर दबोच लिया। महरौली के सीडीआर चौक पर दिनदहाड़े कार सवार की गोली मारकर हत्या में दोनों शामिल थे। दोनों बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महरौली थाने की लोकल पुलिस और ऑपरेशन सेल की एएटीएस टीम ने शूटरों से आधुनिक हथियार भी बरामद हुये हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार सीडीआर चौक, महरौली में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज नृशंस हत्या का मामला भी इस गिरफ्तारी के बाद सुलझा लिया है। दो शूटरों के अलावा एक साजिशकर्ता भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर कई राउंड फायरिंग की और आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई में दोनों शूटरों के पैरों में गोली लग गई। तीसरे आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से अपराध में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक चीनी स्टार ऑटोमेटिक पिस्तौल (.25 एमएम), एक (9 एमएम) पिस्तौल, एक (.32 बोर) पिस्तौल, 12 जिंदा कारतूस और छह खोखे सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

गोलीबारी के बाद पकड़े गये शूटरों के नाम दीपक और योगेश है। हत्या के साजिशकर्ता तीसरे आरोपी का नाम अजय बताया गया है। डीसीपी चौहान ने बताया कि चिराग दिल्ली-खानपुर मार्ग (जिसे पहले बीआरटी कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था) के पास दोनों शूटरों की गतिविधि के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी। रात लगभग 3 बजे मोटरसाइकिल पर आये बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने अचानक यू-टर्न ले लिया, जिससे बाइक फिसल गई और गिर गई। आत्मसमर्पण करने के लिए कहने पर दोनों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। शूटरों द्वारा कुल चार राउंड फायर किये गये। इनमें योगेश ने एक और दीपक ने तीन। पुलिस के तीन राउंड हवा में चेतावनी फायर के बावजूद आरोपियों ने गोलीबारी जारी रखी। इसके बाद चार राउंड फायर में दोनों शूटरों के पैरों में गोली लग गई और उन्हें तुरंत काबू कर लिया गया। इसके बाद उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों शूटरों ने अरुण लोहिया की हत्या करने की बात स्वीकार की है। बाद में एक अन्य इनपुट के आधार पर तीसरे आरोपी अजय को एशियन मार्केट, पुष्प विहार के पास से पकड़ा गया, जहां वह अपने सह-आरोपी से मिलने आया था। गौरतलब है कि 15 मई को लगभग 12:45 बजे, सीडीआर चौक पर बस स्टॉप के पास कार सवार पिता पुत्र पर गोलीबारी की गई थी। इस घटना में बेटे अरुण लोहिया की मौत हो गई थी। अरुण आया नगर का रहने वाला था और उसका एक प्लॉट को लेकर गांव के कुछ लोगों से झगड़ा चल रहा था।

## डकैती, हत्या के मामलों में वांछित अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले के नंद नगरी इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वह डकैती और हत्या के कई मामलों में वांछित था। 22 वर्षीय इस अपराधी का नाम सुहैल उर्फ चिकना उर्फ छप्पर बताया गया है। यह बुधवार देर रात उस समय हत्थे चढ़ा जब पुलिस टीम नंद नगरी के ए-ब्लॉक स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास गश्त कर रही थी। आरोपी ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोलियां चलाई। पुलिस के अनुसार सुहैल की इलाके में मौजूदगी की सूचना मिली थी। जब टीम वजीराबाद रोड फ्लाईओवर के सामने स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क के उत्तरी हिस्से में पहुंची, तो एक संदिग्ध युवक दिखा। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया, लेकिन उसने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण के लिए कहा, लेकिन उसने दोबारा गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में सुहैल के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे काबू कर लिया गया। उसके पास से एक पिस्तौल व दो खोखे बरामद किए गये। नंद नगरी थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अपराध और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल बदमाश को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि सुहैल दरियागंज रोड थाने में दर्ज डकैती और हत्या के एक मामले और ज्योति नगर थाने में दर्ज डकैती के एक अन्य मामले में वांछित था। इनके अलावा डकैती और चोरी के दो अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सनी उर्फ नवीन पुत्र** श्री. हरि किशन उर्फ लाल करण, **पताः** मकान नं. 778, ग्राउंड फ्लोर, रेलवे रोड, शादी नगर, आजादपुर, दिल्ली **FIR No. 453/2008, U/s: 457/380/34 IPC, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सनी उर्फ नवीन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सनी उर्फ नवीन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सनी उर्फ नवीन, FIR No. 453/2008, U/s: 457/380/34 IPC, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
मध्य जिला, कमरा नं.26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7082/N/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अनुराग वर्मा उर्फ अन्नु पुत्रः महेश चंद वर्मा, पताः** मकान नं. 21, गली नं. 02, सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा, दिल्ली, **FIR No. 338/2013, U/s 26 A. Act,** थानाः खजूरी खास, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनुराग वर्मा उर्फ अन्नु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनुराग वर्मा उर्फ अन्नु** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 338/2013, U/s 26 A. Act,** थानाः खजूरी खास, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अनुराग वर्मा उर्फ अन्नु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कनिका अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 22, पहली मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7124/NE/2025
(Court Matter)


# साकेत कोर्ट लॉकअप में विचाराधीन कैदी की बेरहमी से हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ लॉकअप में मौजूद दो अन्य कैदियों ने पैर से गला घोंटा

साकेत कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन कैदी की हवालात में दो अन्य कैदियों ने गला पैर से घोंट दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। पहले उसकी जमकर पिटाई की गई और फिर कथित तौर पर गले पर पैर रखकर दबाया गया। अमन को साकेत कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना घटी। प्रारंभिक जांच से लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर कथित रूप से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि झगड़ा जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया। गोविंदपुरी निवासी अमन को हमले में गंभीर चोटें आई थी और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## एमपी के दो हथियार सप्लायर गिरफ्तार, 12 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लाई रैकेट के दो प्रमुख सदस्य स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किये हैं। इनके पास से 12 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुये। इसके अलावा मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी जब्त किये गये हैं। पकड़े गये हथियार सप्लायरों के नाम नीरज परिहार और अर्जुन परिहार है। पुलिस के अनुसार सबसे पहले नीरज परिहार निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश को भारतीय योग संस्थान, रोहिणी के पास से गिरफ्तार किया गया। वह दिल्ली में अर्जुन परिहार के निर्देश पर अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने आया था। उसने मध्य प्रदेश के एक आपूर्तिकर्ता से हथियार खरीदे थे। नीरज के बैग से कुल 10 अवैध हथियार बरामद हुये। रिमांड पर इसने अवैध हथियार रैकेट के सरगना अर्जुन परिहार के बारे में बताया। इसके बाद अर्जुन को ग्वालियर से गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर दो पिस्तौल बरामद हुई।

### नया बिजली कनेक्शन देने में हो रही जमकर मनमानी

# भाजपा के लिए गले की फांस बन रही 'आप' की बिजली सब्सिडी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव- 2025 जीतने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा शुरू की गई बिजली सब्सिडी योजना अब भाजपा की दिल्ली सरकार के लिए गले की फांस बनी हुई है और इसके साथ ही घरेलू उपयोग के लिए नया बिजली कनेक्शन लेना भी अब आसान नहीं रहा है, इसके लिए बिजली कंपनियों पर मनमानी के जमकर आरोप भी लग रहे हैं।

बता दें कि विधानसभा चुनाव- 2025 जीतने से पहले बिजली वितरण कंपनियों जैसे टाटा पावर डीडीएल, बीएसईएस की राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के साथ आम आदमी पार्टी पर सांठगांठ करने के आरोप लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी यही सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी के सीजन में ही कूलर, पंखे, एयर कंडीशनर आदि संबंधित उपकरण चलने से बिजली की आपूर्ति बढ़ती है और बिजली यूनिट 200 से बढ़कर करीब 300 के बीच पहुंच जाती हैं। लेकिन भाजपा सरकार के 100 दिन बीतने के बाद भी भाजपा की सरकार दिल्ली वालों को बिजली की 300 फ्री यूनिट देने का संकल्प पूरा नहीं कर पाई और इसके चलते ऐसे उपभोक्ताओं को इस 300 फ्री यूनिट वाली बिजली सब्सिडी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बांकनेर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एस एल खत्री, नागरिक मंच नरेला सुरेंद्र पांचाल और चौगामा विकास समिति में महासचिव विजेंद्र डबास आदि ने बताया कि 300 तक फ्री यूनिट नहीं मिलने पर प्रति माह 100 से 200 रुपए के बीच अतिरिक्त बिल भुगतान को बोझ घरेलू उपभोक्ताओं पर आ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना यह भी है कि जब वे नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करते हैं तो ये बिजली कंपनियां आसानी से नया कनेक्शन नहीं दे रही है और तरह तरह के कारण बताकर मनमानी चला रही है। लोगों का कहना कि यदि प्रत्येक घरेलू कनेक्शन पर 100 रुपए अधिक बिल होता है तो यह बड़ी राशि हो जाती है और इसका लाभ किस किस को मिल रहा है यह जनता भली भांति जानती है।

### बिजली कंपनी ने साधी चुप्पी

बता दें कि उत्तरी दिल्ली क्षेत्र में बिजली वितरण करने वाली टाटा पावर डीडीएल कंपनी से पूछा गया कि कितने लोगों को निर्धारित अवधि 7 दिन में नया कनेक्शन मिल गया और कितने लोगों को कनेक्शन नहीं मिल पाया, इसके साथ ही कनेक्शन ना मिलने के क्या क्या कारण रहे। तो बिजली कंपनी ने करीब 20 दिन बीतने के बाद भी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।


### हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका भुना | नहर पार स्वर्ग आश्रम वार्ड 13 भुना में निर्माण कार्य। | 02.06.2025 20.06.2025 | 7.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 2 | नगर पालिका भुना | भुना की 6 अदद नई अनुमोदित कॉलोनी में विभिन्न गली का निर्माण। | 30.05.2025 20.06.2025 | 7.56 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 3 | नगर पालिका भुना | भुना शहर में रिफ्लेक्टराइजिंग ग्लास बीड्स सहित हॉट अप्लाइड थर्मोप्लास्टिक कम्पाउंड द्वारा रोड मार्किंग। | 02.06.2025 20.06.2025 | 11.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 4 | नगर पालिका भुना | वार्ड नं. 14, भुना में कुम्हार चौपाल में कार्य का निर्माण। | 02.06.2025 10.06.2025 | 8.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 5 | नगर पालिका भुना | वार्ड 13 भुना में हिसार रोड से मंगत से विरेन्द्र दहिया, जिले भुकल से खाल फैक्टरी तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 6 | नगर पालिका भुना | वार्ड 15 भुना में प्रदीप बंसल से टोहाना रोड, घनश्याम कक्कड़ से काली राम पंडित तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 18.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 7 | नगर पालिका भुना | वार्ड 14, भुना में महेन्द्र के मकान से सत्ता नाई और राजेन्द्र से पोला चमार तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 9.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 8 | नगर पालिका भुना | वार्ड 14 में सोनू एम.सी. के मकान से गौरा बाथा तक नानकी के मकान से कृष्ण बोलियान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 9 | नगर पालिका भुना | वार्ड 13, भुना में कुल्फी फैक्टरी से सन्नी सैनी, बाबू लाल से अमर सिंह के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 21.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 10 | नगर पालिका भुना | वार्ड 12, भुना में जगजीत के मकान से ईश्वर गर्ग के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 20.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 11 | नगर पालिका भुना | वार्ड 12, भुना में दीपक के मकान से अवतार मल्ही, बलराज से भिरा, रामधारी से संदीप के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 11.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 12 | नगर पालिका भुना | वार्ड 11 भुना में हरीश टूटेजा के मकान से राज खट्टर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 20.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 13 | नगर पालिका भुना | वार्ड 10 भुना में भारत फोटोस्टेट से बिट्टू तक, राजू खुराना से चोपड़ा डीजे तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 14 | नगर पालिका भुना | वार्ड 4, भुना में सूरजभान से नरसी तक और कुलदीप से प्रवीन के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 18.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/280/35400/I/88/7 दि. 05.06.25

**खबर संक्षेप**

### बिजली तारों के मकड़ जाल मामले में दिल्ली सरकार निष्क्रिय : यादव

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली, चांदनी चौक, सीलमपुर, करोल बाग, मुस्तफाबाद सहित दिल्ली भर की अनाधिकृत कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों, पुनर्वास कॉलोनियों में घरों के बाहर लटके बिजली तारों के मकड़ जाल को व्यवस्थित करने में भाजपा की दिल्ली सरकार भी पिछली सरकार की तरह निष्क्रिय साबित हो चुकी है, जबकि मुख्यमंत्री ने बजट में बिजली तारों के जालों से निजात दिलाने का वादा किया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरूवार को भाजपा की दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तारों का यह मकड़ जाल कभी भी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कालकाजी में 9 वर्ष के लड़के की मौत स्ट्रीट लाईट पोल छूने से पार्क में खेलते हुए हुई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुर्वेद संस्थान में हुआ पौधरोपण

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) एम. बी. गौड़ ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को रोकने एवं प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें है, हमें प्लाटिक का उपयोग कम से कम करना चाहिए। स्नातकोत्तर द्रव्यगुण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष साहू ने बताया कि संस्थान के हर्बल गार्डन में आज वरुण, अर्जुन, चिरबिल्व, शिरीष आदि औषधिया पौधे लगाये गए। इस अवसर पर चिकित्सालय अधीक्षक डॉ.सुमेर सिंह, अतिरिक्त निदेशक (शैक्षणिक) प्रोफेसर(डॉ.) भरत भोयर, डॉ. संतोष नायर, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोनिका सहित द्रव्यगुण विभाग के समस्त स्नातकोत्तर अध्येता एवं माली उपस्थित थे।

## यह वेटिंग हॉल हजारों मरीजों के परिजनों को देगा सहूलियत

# रेखा गुप्ता ने एम्स में मरीजों को समर्पित किया वेटिंग हॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में धानुका वेटिंग हॉल का उद्घाटन कर मरीजों को समर्पित किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि एम्स केवल एक अस्पताल नहीं बल्कि एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो उन लोगों के लिए आशा की किरण बन जाता है, जिनकी इलाज की संभावनाएं देश भर में समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि एम्स की ओपीडी सालाना लगभग 6 लाख से ज़्यादा मरीजों को सेवा देती है। उन्होंने यह भी कहा कि इलाज, आईसीयू सुविधा, एडमिशन व्यवस्था, और डॉक्टरों की निष्ठा के लिहाज़ से एम्स देश के सर्वोच्च संस्थानों में है।

### देशभर में 22 नए एम्स किए जा रहे हैं स्थापित

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 22 नए एम्स की स्थापना का कार्य चल रहा है, लेकिन फिर भी दिल्ली एम्स का अपना ही महत्व है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2014 से पहले एम्स में व्यवस्थाएं काफी अव्यवस्थित थीं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस संस्थान ने उल्लेखनीय सुधार और सुदृढ़ीकरण देखा है। अब यहां कामकाज बेहद व्यवस्थित है। डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, मरीज और उनके परिजनों, सभी के लिए समुचित प्रबंधन और सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### छह करोड़ रुपए की लागत से बना वेटिंग हाल

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। और जब समाज जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आता है, तो वह ईश्वर की सच्ची आराधना होती है। उन्होंने एम्स में 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए वेटिंग हॉल के लिए धानुका ग्रुप का विशेष रूप से आभार जताया और इसे एक आदर्श सीएसआर पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह वेटिंग हॉल में हजारों मरीजों के परिजनों को सहूलियत देगा, खासकर उन अटेंडेंट्स को, जिन्हें पहले हॉस्पिटल के गलियारों में जमीन पर बैठकर या लेटकर इंतजार करना पड़ता था।

### जनता के सहयोग से ही होगी यमुना सफाई

मुख्यमंत्री ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण, यमुना सफाई, कूड़े के पहाड़ हटाने और हरियाली बढ़ाने जैसे सरकार के उद्देश्यों के बारे में बात करते हुए कहा कि ये कार्य सरकार और समाज दोनों के सहयोग से ही संभव हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने दिल्ली को एक स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा शहर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि शहर की दीवारों पर कोई पोस्टर, बैनर या वाल पेंटिंग न हो, चाहे वह किसी नेता का हो, अभिनेता का हो या आम नागरिक का। किसी को भी शहर को गंदा करने का अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के हर कोने में गंदगी, मलबे और कूड़े को हटाने, सड़क और फुटपाथ ठीक करने और शहर को सुंदर बनाने के काम को युद्धस्तर पर चलाने की जानकारी दी। उन्होंने जनता से भी इस अभियान में सरकार का साथ देने की अपील की।

### विकसित दिल्ली के लिए मिशन लाइफ अपनाना जरूरी : इंद्राज



नई दिल्ली। 'विकसित दिल्ली-विकसित भारत' लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर मिशन लाइफ के तहत हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनानी है। यह बात गुरुवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संसद मार्ग स्थित आरसीएस कार्यालय में पौधारोपण करने के दौरान कही। मंत्री इंद्राज ने कहा कि ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करना, ई कचरा और अन्य तरह के अपशिष्ट में कमी, पर्यावरण अनुकूल भोजन और स्वस्थ जीवन के लिए योग जैसे कदमों से हम अपने समाज और राष्ट्र को विकसित करने में योगदान दे सकते हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पौधारोपण पर्याप्त नहीं है, उनका ख्याल बेटी की तरह रखें। सिर्फ वर्तमान ही नहीं, भविष्य की जरूरतों का ख्याल रखते हुए फलदार, छायादार और ज्यादा ऑक्सिजन वाले वृक्षों को लगाएँ। नीम, पीपल, बरगद, आंवला, कदंब, जामुन जैसे वृक्षों को तरजीह दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम और मिशन लाईफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) की दिशा में समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता विभागों के सभी कार्यालयों में पौधारोपण किया जा रहा है। इससे पहले समाज कल्याण मंत्री ने रोहिणी सेक्टर 23 और सेक्टर 24, प्रहलादपुर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सर्वोदय कन्या विद्यालय और पूँठ खुर्द स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय में भी स्थानीय निवासियों के साथ पौधारोपण किया।

### आने वाले समय में विधानसभा में और भी खुशबूदार और सजावटी पौधे लगेंगे : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा में और भी खुशबूदार और सजावटी पौधे लगाए जाएंगे। इससे पूरा विधानसभा परिसर का वातावरण सुंदर ही नहीं बल्कि सुगंधित और ताजगीपूर्ण बना रहेगा। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने घोषणा की कि विधानसभा भवन के सौंदर्यीकरण की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विधानसभा परिसर में आयोजित एक पौधारोपण कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा को पर्यावरण जागरुकता और सुंदरता का प्रतीक बनाया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा सिर्फ एक राजनीतिक केंद्र नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक ऐसा सुंदर और प्रेरणादायक स्थान बने, जो दिल्ली के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे। गुप्ता ने यह भी बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अनुरूप है, जिसमें हर नागरिक से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आह्वान किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विधानसभा परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें फूलदार और सजावटी वृक्ष, सुंदर झाड़ियां, ताड़ के पेड़, बांस के गुच्छे, लताएं और ग्राउंड कवर शामिल हैं। साथ ही, खुशबूदार पौधों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे विधानसभा परिसर का वातावरण सुंदर ही नहीं बल्कि सुगंधित और ताजगीपूर्ण भी बने। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा को एक आदर्श उद्यान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है, जिससे राजधानी की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक परिसर को सुंदर बनाकर हम जनता का ध्यान पर्यावरण की ओर आकर्षित करना चाहते हैं और हर नागरिक को प्रकृति का संरक्षक बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

### सीएम ने एम्स परिसर में लगाया पौधा, इस वर्ष दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाए जाएंगे



इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एम्स परिसर में एक पौधा रोपित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' संकल्प को दोहराया। मुख्यमंत्री ने इस पहल को दिल्ली सरकार की हरित पहल के तहत एक महत्वपूर्ण अभियान बताया और कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि इस वर्ष 70 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें।

### भाजपा कार्यकर्ता 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के माध्यम से हरित दिल्ली अभियान से जुड़ें: सचदेवा



**नई दिल्ली।** सभी भाजपा कार्यकर्ता 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के माध्यम से हरित दिल्ली अभियान से जुड़ें। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की 11 वर्ष की संकल्प से सिद्धि यात्रा पूरी होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा गत वर्ष आहूत 'एक पेड़ मां के नाम' बूथ स्तर पर फिर से शुरूआत के दौरान यह बातें कहीं। प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में दिल्ली अध्यक्ष सचदेवा ने दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक नया पौधारोपण किया और वो पौधा भी दिखाया जिसे गत वर्ष लगाया था और जो आप एक पेड़ का रूप ले रहा है। इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा के साथ प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया एवं योगिता सिंह, आदि पदाधिकारियों ने भी 'दिल्ली में होगी हरियाली तभी होगी खुशहाली' का संकल्प लिया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसान सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- हमेशा नवीनतम किस्म एवं गुणवत्ता युक्त बीज का करें प्रयोग

कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), दिल्ली भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, एवं कृषि इकाई, विकास विभाग, दिल्ली सरकार ने गुरूवार को नजफगढ ब्लाक के झाड़ौदा और समसपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत किसान सम्मेलन का आयोजन किया। केवीके में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी.के. राणा ने गुरूवार को किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई हमेशा नवीनतम किस्म एवं गुणवत्ता युक्त बीज का प्रयोग करें, साथ ही जब भी बीज एवं दवाइयों की खरीद करें, उसका पक्का बिल जरूर लेवे एवं बीज का प्रमाणीकरण एवं टैग देखकर ही खरीदें। उन्होंने साथ यह भी किसानों से आग्रह किया कि किसान हमेशा नवीनतम तकनीक या नवीनतम बीजों को अपने छोटे से क्षेत्रफल में लगाकर देखना चाहिए, जब वह उसके परिणाम से संतुष्ट हो तब उसको पूरे क्षेत्रफल अपना लेना चाहिए। वहीं, पूसा संस्थान से मौजूद अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थाओं की विकसित प्रजातियां, बीज उत्पादन की प्रौद्योगिकियों एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं इसके होने वाले प्रभाव के बारे में किसानों को अवगत करवाया और दिल्ली में फलों के उत्पादन की विभिन्न तकनीकों एवं संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

# जल संरक्षण और जलवायु संतुलन के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जल संरक्षण और जलवायु संतुलन के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है और -'एक पेड़ मां के नाम'-मां और प्रकृति को समर्पित हरियाली का संकल्प है। यह बात नरैना विहार स्थित दिल्ली जल बोर्ड/जिंदल वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (जेडब्ल्यूआईएल)कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। यह पौधरोपण कार्यक्रम चंद्रावल जल आपूर्ति सुधार परियोजना–पैकेज दो के तहत आयोजित किया गया। दिल्ली जल बोर्ड, जेडब्ल्यूआईएल और उम्मीद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण, सफाई अभियान और 'जल मित्र' पहल से प्रेरित वाल पेंटिंग का अनावरण किया गया। इस दौरान जल मित्रों के योगदान की सराहना भी की गई, जो इलाके में पाइप लाइन लीकेज पकड़ने, लोगों को वैध जल कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करने, हेल्पलाइन नंबर के प्रचार और डिजिटल सेवाओं की जानकारी देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में मंत्री के साथ जेडब्ल्यूआईएल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अतुल जैन, प्रोजेक्ट मैनेजर विपिन यादव, उम्मीद फाउंडेशन की अध्यक्ष रेनू, दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी, आरडब्ल्यूए सदस्य, जल मित्र और कई वालंटियर्स ने भाग लिया।

### पीएम ने पर्यावरण अनुकूल शहरी परिवहन को दी नहीं दिशा

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिल्ली में अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संतुलन और वनों के पुनरुद्धार का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर पर दिल्ली में 200 इलेक्ट्रिक देवी बसों को हरी झंडी दिखाकर स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल शहरी परिवहन को नई दिशा दी। इस अवसर पर डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली को पूरे देश के लिए मिसाल बनना होगा। जो आज पेड़ लगाएंगे और पानी बचाएंगे, वही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित बनाएंगे। ऐसे अभियान हमारी सरकार की ग्रीन और सस्टेनेबल राजधानी की सोच को दर्शाता हैं।

## गौवंश की देख-रेख के लिए जल्द गठित होगा गौसेवा आयोग: कपिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बेसहारा गौवंश की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं के लिए जल्द गौसेवा आयोग का गठन किया जाएगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली के विकास एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा बवाना के सुल्तानपुर डबास स्थित श्रीकृष्ण गौशाला का दौरा करने के दौरान कही। इस अवसर पर मौजूद मॉडल टाउन से विधायक अशोक गोयल, पर्यावरण प्रेमियों और गौसेवक मौजूद रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने दौरे के दौरान वहां रह रही गौवंशों की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और गौशालाओं के संचालकों से विस्तार से चर्चा भी की। पर्यावरण दिवस पर कपिल मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण की रीढ हमारा पशुधन और गौमाताएं हैं। गौशालाएं केवल पशुधन की देखरेख का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत का प्रतीक भी हैं। दिल्ली सरकार गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि दिल्ली की गौशालाओं को पर्यटन के मैप से जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय गौमाताओं के साथ हुए अन्याय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मन में काफी पीड़ा है। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार गौवंशों और गौशाला संचालकों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लगातार कदम उठा रही है।

## नजफगढ़ जोन का किया निरीक्षण

# गांवों में टूटी हुई नालियों की बिना देरी करें मरम्मत : उपमहापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के नजफगढ़ जोन स्थित कांगनहेड़ी गांव और आसपास के गांवों में टूटी हुई नालियों की बिना देरी के मरम्मत की जाए और सफाई व्यवस्था पर तुरंत ध्यान दिया जाए। दिल्ली नगर निगम के उप महापौर जय भगवान यादव ने गुरूवार को दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मेगा स्वच्छता अभियान के तहत नजफगढ़ जोन के छावला वार्ड (वार्ड नंबर 125) का निरीक्षण करते हुए क्षेत्रीय उपायुक्त को यह निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद शशि यादव, नजफगढ़ जोन के उपायुक्त संतोष कुमार राय और जोन के विभिन्न विभागों के प्रमुख मौजूद थे। स्थानीय निवासियों ने वार्ड में लगे बिजली के खंभों की खराब स्थिति के बारे में उप महापौर को अवगत कराया। मामले का संज्ञान लेते हुए जय भगवान यादव ने अधिकारियों को लाइटों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि क्षेत्र में कहीं भी अंधेरा न हो और इसके लिए प्रकाश व्यवस्था की जाए।

### ऑटो टिप्पर और मैनपावर की संख्या बढ़ाने के निर्देश

उप महापौर ने छावला के कंगनहेड़ी और बडू सराय गांव में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को ऑटो टिप्पर और मैनपावर की संख्या बढ़ाने और क्षेत्र में कचरे का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मुद्दे को पीडब्ल्यूडी या किसी अन्य एजेंसी के साथ उठाएं।

### स्वच्छ भारत के सपने को पूरी तरह करेंगे साकार

उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरी तरह साकार करेंगे और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएंगे। पार्षद ने वार्ड में नागरिक सुविधाओं के समुचित रखरखाव के लिए धन की कमी के बारे में बताया। उप महापौर ने पार्षद को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।



## खबर संक्षेप

### कर्मचारी बन की थी एक लाख 58 हजार की ठगी

**फरीदाबाद।** कंट्री डिलाइट कंपनी का कर्मचारी बनकर 1,58,908 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सुनील चोपड़ा निवासी सेक्टर-28 फरीदाबाद ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दी। बताया कि उसे घी ऑर्डर करना था। कंट्री डिलाइट कम्पनी के घी की कीमत में वृद्धि के बारे में जानकारी लेने के लिए कस्टमर केयर नंबर खोज रहा था, फिर उसने एक नम्बर पर कॉल किया।



### ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा लाभ कमाने का लालच देकर साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-3 निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें बताया कि उसने पंकज साहू की एक ट्रेडिंग मास्टर क्लास को ज्वाइन किया, जहां से शिकायतकर्ता को उसके टेलीग्राम चैनल के बारे में पता चला। जिस पर उसने टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन कर लिया।



### नाइट राइडर ने एसपीएस ट्रॉफी जीती

**फरीदाबाद।** गुरुवार को एसपीएस ट्राफी क्रिकेट का फाइनल नाईट राइडर व स्मैशर टीम में अग्रवाल सेवा सदन सैक्टर 11 में खेला गया जिसमें समाजसेवी वासुदेव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नाइट राइडर के कप्तान विशाल जैन ने टॉस जीता और पहले बैटिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए नाइट राइडर ने 190 रन बनाए और स्मैशर की टीम 190 रनों का पीछा करते हुए 170 पर आल आऊट हो गई और नाइट राइडर की टीम ने 20 रनों से मैच जीत लिया। नाइट राइडर के राज कुमार मैन आफ दी मैच घोषित किए गए।



## मोदी की राष्ट्र प्रथम की सोच ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया

# पीएम मोदी के कर्तव्यनिष्ठ, कर्मयोग ने भारत को वैश्विक मानचित्र पर सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया: राज्य मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि लोकसभा कार्यशाला के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्षों की अद्वितीय उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस कालखंड को सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र गौरव की अभूतपूर्व यात्रा बताया। भाजपा जिला फरीदाबाद कार्यालय पर आयोजित संकल्प से सिद्धि लोकसभा कार्यशाला में प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ सरमा, पर्यावरण मंत्री राव नरवीर सिंह, हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की प्रदेश सह संयोजिका पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, पलवल के जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलक्खा, हरेंद्र राम रतन, सतीश फागना, मेयर प्रवीण जोशी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, कार्यक्रम के लोकसभा फरीदाबाद संयोजक सत्यप्रकाश जरावता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

गुर्जर ने कहा कि 2014 में भारत 10वीं अर्थव्यवस्था था, हम जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्र प्रथम की सोच और कर्तव्यनिष्ठ कर्मयोग ने भारत को वैश्विक मानचित्र पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। मोदी सरकार के गवर्नेंस मॉडल ने भारत में ट्रांसपेरेंसी, टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट की त्रिवेणी स्थापित की है। डीबीटी से 3.80 लाख करोड़ से अधिक की बचत, डिजिटल इंडिया और भ्रष्टाचार पर सख्त प्रहार मोदी युग की विशेषताएं हैं। गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों ने देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाया। रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के तहत ब्रह्मोस, आकाश, तेजस जैसे हथियार अब भारत में बन रहे हैं और निर्यात हो रहे हैं। 14 से अधिक देशों ने मोदी जी को सर्वोच्च सम्मान दिया, भारत ने रूस से तेल भारतीय करेंसी में खरीदा, चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को स्पेस टेक्नोलॉजी में शीर्ष पर पहुंचाया। हरियाणा सरकार में पर्यावरण मंत्री राव नरवीर सिंह ने कार्यशाला में राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा आज पारदर्शी शासन, योजनाओं में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

**फरीदाबाद।** एशलॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद में गुरुवार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के डीन, डायरेक्टर्स, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम सुबह 10: बजे से कॉलेज परिसर में आरंभ हुआ। इस अभियान के अंतर्गत जामुन, अमरूद, कढ़ी पत्ता आदि के पौधे संस्थान परिसर में लगाए गए। हर व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मातृत्व को भी एक सुंदर श्रद्धांजलि दी जा सके। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

## राज्यमंत्री नागर ने कहा- पर्यावरण की सुरक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य

# प्रकृति का रखें ख्याल, पौधारोपण से लेकर देखरेख तक निभाएं जिम्मेदारी: मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने हरियाणा सरकार और फरीदाबाद नगर निगम के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर स्वच्छ और हरित फरीदाबाद अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साथ ही उपायुक्त विक्रम सिंह और डीएफओ राजकुमार भी मौजूद रहे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छ और हरित अभियान की शुरुआत की**




हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस आह्वान का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने देशवासियों से अपील की थी कि वे अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि आज देश भर में लोग इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जिससे यह अभियान एक राष्ट्रीय जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट किया कि चाहे सरकार केंद्र की हो या राज्य की, दोनों का लक्ष्य एक ही है, आम आदमी को राहत पहुंचाना और उसका जीवन बेहतर बनाना। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम अपनी जन्मभूमि और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण से बहुत कुछ लेते हैं, प्राणवायु, जल, भोजन और ऊर्जा, इसलिए यह हमारा दायित्व है कि हम प्रकृति का ख्याल रखना और सौंदर्यीकरण का प्रयास जारी रख पर्यावरण संरक्षण और वैभव लौटाएं।

### पर्यावरण की सुरक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री राजेश नागर ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह हम सभी का नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है कि हम उस भूमि की रक्षा करें जिस पर हम जन्मे, पले-बढ़े और जीवन के मूल्य सीखे। उन्होंने कहा कि भारत माता की संतान होने के नाते हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम जिस प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, उसकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करना उतना ही आवश्यक है जितना उन्हें लगाना। एक पौधे को तब तक संरक्षण की आवश्यकता होती है जब तक वह एक मजबूत वृक्ष न बन जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वस्थ जीवन देने की जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए नागर ने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़िया एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत करें, तो हमें आज ही ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

### सबकी भागीदारी से आएगा बदलाव

डीसी विक्रम सिंह ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही सभी अधिकारियों को अपने अपने स्तर पर शहर में पौधे लगाने के निर्देश दिए जा चुके है और वह अपना कार्य कर रहे है। हमारा लक्ष्य सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि उनकी देखभाल कर उनको बड़े और छायादार वृक्ष बनाने का है। पौधे तो सब लगा लेते है पर उनकी देखभाल बहुत कम लोग करते है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वह अपने आस पास स्वछता का ध्यान रखे और जिस पौधे को वह लगते है उनके बड़े होने तक देखभाल करें। उन्होंने बताया की पिछले वर्ष जिला प्रसाशन द्वारा लगभग 4 लाख पौधे लगाए गए थे और इस वर्ष प्रशासन का लक्ष्य पिछले वर्ष की संख्या से अधिक पौधे लगाने का है साथ ही जिला प्रसाशन का प्रयास है की फरीदाबाद के सड़क किनारे के बड़े-बड़े स्ट्रेचेस और ग्रीन बेल्ट की जगह को आरडब्ल्यू, औद्योगिक संगठन, अस्पताल प्रबंधन, बिल्डर्स, शैक्षणिक संस्थान आदि को उनकी रखरखाव के लिए दिए जाएंगे जिससे सीएसआर के माध्यम से वह सब लोग उन क्षेत्रों का रखाव कर सकेंगे।

### प्रकृति की सेवा ही ईश्वर की सेवा है

अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा कि अमृता में हमारा विश्वास केवल शरीर की चिकित्सा में नहीं, बल्कि पर्यावरण की चिकित्सा में भी है, जो इस पृथ्वी का शरीर है। अम्मा हमेशा सिखाती हैं कि प्रकृति की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। आज हम ग्रीन फ्रेंड्स क्लब की शुरुआत करके और समुदाय के साथ मिलकर अम्मा की इसी दृष्टि को साकार कर रहे हैं। हर पौधा जिसे हम पोषित करते हैं, हर प्लास्टिक जिसे हम अस्वीकार करते हैं, हर बच्चा जिसे हम जागरूक करते हैं, ये सभी आध्यात्मिक कार्य हैं। स्थायित्व की ओर यात्रा आंतरिक परिवर्तन से शुरू होती है।

प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर निगम की बड़ी कार्रवाई

## एक मॉल, 19 शॉपिंग सेंटर सहित एक फैक्ट्री और 2 मकान किए सील



**खास बातें**

- कमिश्नर शर्मा ने कहा-बल्लभगढ़ के बड़े बकायादारों को कल तक का समय वरना सील होंगे बड़े बड़े संस्थान
- लगभग 95 लाख 50 हजार रुपए से ज्यादा का था टैक्स बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के सभी जोन में गुरुवार को करीब 22 संपत्तियों को सील किया गया है। जिनके ऊपर लगभग 95 लाख 50 हजार का का तक टैक्स बकाया था।

बता दें की नगर निगम टैक्स विभाग की टीम ने सेक्टर 12 स्थित एक मॉल लगभग 19 शॉपिंग सेंटरों को प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर सील किया गया है। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्यवाही लगातार जारी है। एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने कहा कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है। इसीलिए लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी का लक्ष्य लगभग 100 करोड रुपए रखा है। एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर जारी टैक्स रिकवरी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। सरकार के निर्देशों पर निगम के सभी जोन के क्षेत्रीय कर अधिकारियों को प्रॉपर्टी टैक्स रिकवर करने के लिए दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि यदि उनके किसी भी कार्य में लापरवाही मिलती है तो उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपना टैक्स समय पर नगर निगम में जमा कराए ओर शहर के विकास में भागीदार बनें।

# ट्रैक्टर निकालने के विवाद पर दुकानदार ने ड्राइवर को मारी गोली, मौत, एक फरार

### एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया के सुभाष चौक के निकट एक मॉल में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई कहासुनी पर दुकानदार ने अपने साथी के साथ मिलकर ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। ट्रैक्टर चालक आईएलडी मॉल में कंस्ट्रक्शन के मलबे को हटाने के काम में लगा था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम ऑफ सीन व फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल व चार खाली खोल कारतूस बरामद किए। पुलिस ने केस दर्ज कर कुछ ही घंटों के दरमियान एक आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि वह अपने भाई व परिवार के साथ ट्रैक्टर से मकानों/इमारतों का मलबा उठाने का काम करता है। बुधवार को करीब 11.15 बजे वह अपने छोटे भाई 24 वर्षीय वसीम के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में मलबा उठाने के लिए सुभाष चौक के निकट आईएलडी मॉल आया था। सिक्योरिटी चैक पोस्ट के पास एक अधेड़ ने ट्रैक्टर को अंदर ना ले जाने की धमकी दी। उसके साथ दो अन्य लोग और थे। तीनों ने उसके साथ धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी। जिसके बाद उन्हें समझाकर ट्रैक्टर को मलबा भरने के लिए अंदर लगवा दिया। शिकायतकर्ता ट्रैक्टर में मलबा भरने के लिए अपने छोटे भाई वसीम व लेबर को छोड़कर बाहर आ गया। वसीम ने फोन करके बताया कि झगड़ा करने वालों ने एक युवक को स्कोर्पियो गाड़ी में बुलाया है। जो उनके साथ मारपीट और गाली-गलौच कर रहा है। शिकायतकर्ता अपने भाई की मदद के लिए अंदर गया तो एक युवक ने उस पर गोली चला दी। जिसके बाद उसने दूसरा फायर वसीम पर कर दिया। गोली उसके पेट में लगी। जिसके बाद आरोपी हवाई फायर करता हुआ अपने साथियों सहित स्कोर्पियो में सवार होकर फरार हो गया। भागने के दौरान आरोपी की पिस्टल भी बाहर घास में गिर गई। घायल वसीम की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम ऑफ सीन व फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया।

### पुलिस मामले की जांच करेगी

# द्वारका एक्सप्रेस-वे पर स्टंटबाजी कर दरवाजा खोलकर दौड़ाई स्कॉर्पियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

द्वारका एक्सप्रेस-वे पर युवकों द्वारा स्टंटबाजी कर दरवाजा खोलकर स्कॉर्पियो दौड़ाने का मामला सामने आया है। युवक खतरनाक स्टंटबाजी करते हुए स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर टोल तोड़ ते हांडे थे' गाने पर डांस करते नजर आए। ऐसे तीन वीडियो सामने आए हैं जिनमें दो युवक तो सन रूफ खोल गाड़ी के ऊपर बैठकर डांस करते दिखे। जबकि एक युवक पैर से दरवाजा खोलकर काले रंग की स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार में सड़क पर दौड़ाता दिखाई दे रहा है।

मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो कहां का है यह पुष्टि करके संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

### सोशल मीडिया पर अपलोड किए वीडियो

स्टंट करने वाले युवकों ने खुद ही वीडियो शूट करके अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर ये वीडियो अपलोड किए हैं। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। ये वीडियो शाम के वक्त की है, जहां बजघेड़ा रोड पर काफी सारे युवा अपनी गाड़ियों के साथ दिखाई देर रहे है। कुछ युवक वहां भी अपने वीडियो बना रहे है। कुछ सेल्फी लेते नजर आ रहे है। इसके बाद कार सवार युवक द्वारका एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार से कारें दौड़ा रहे हैं। हरियाणवी सांग 'जितने भी से बैठे रे मेरा गला गाड़ी में कोई संत महात्मा कोनी चंबल के डाकू' गीत के साथ यह वीडियो डाला गया है। वीडियो के एक हिस्से में पहले एक युवक काले रंग की चलती हुई गाड़ी से बाहर आकर यह गाना गा रहा है।

# महिला से छेड़छाड़ पर दो पक्षों में जमकर संघर्ष, महिलाओं समेत छह लोग घायल

### एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेड़की दौला एरिया में एक महिला के साथ छेड़छाड़ किए जाने पर दो गुटों में जमकर संघर्ष हुआ। दोनों और से चली लाठियों में महिला सहित छह लोग घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरु कर दी है। खेड़की दौला एरिया में पड़ौसी द्वारा एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई। पीड़िता का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी पक्ष के लोग झगड़े पर उतर आए। उन्होंने उस पर हमला कर दिया। जिसके बाद महिला के परिजनों और स्थानीय महिलाएं सामने आ गई। दोनों तरफ की महिलाओं ने लाठियां उठाई और आपस में भिड़ गई। झगड़े का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें महिलाएं लाठियां बरसाती नजर आ रही हैं। दोनों पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद जल्द ही हिंसक संघर्ष में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लाठियों और हथियारों से जमकर हमला किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरु कर दी है। जांच अधिकारी रश्मि ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित महिला की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस द्वारा हिंसक झड़प में शामिल लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग देखी जा रही है।

## जिला टैक्स बार के अध्यक्ष एडवोकेट गुप्ता बोले पैसा खर्च करके भी नुकसान झेल रहे

# टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर्स को प्रोपर ऑफिसर बनाने से बढ़ा भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रदेश व जिला के टैक्स विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर वीरवार को हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन और जनहित की आवाज उठाने वाली संस्था मानव आवाज ने एक मंच पर आकर आवाज उठाई। एसोसिएशनों की ओर से एक स्वर में टैक्स विभाग से भ्रष्टाचार को खत्म करने की मांग सरकार से की गई। कहा गया कि इंस्पेक्टरी राज को हरियाणा में फिर से ना पनपने दिया जाए।

हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट नवीन गुप्ता, जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजीव वत्स व मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन ने कहा कि टैक्सेशन विभाग में नियमों की अनदेखी करके इंस्पेक्टर्स को प्रोपर ऑफिसर का दायित्व देकर शक्तियां सौंपना नियमों के विरुद्ध है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है और व्यापारियों के लिए कई परेशानियां खड़ी हुई हैं। इससे सरकार की ओर से स्टार्टअप के दावे भी दम तोड़ रहे हैं।

जीएसटी नंबर लेना नामुमकिन सा काम हो गया है। क्योंकि प्रोपर ऑफिसर्स की ओर से ऐसे-ऐसे नियम बना दिए गए हैं।

**इंस्पेक्टरी राज को मिल रहा है बढ़ावा: राजीव वत्स**




**30 हजार करोड़ रुपए वैट के पेंडिंग, अधिकारी बेफिक्र : एड. जैन**

मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन ने कहा कि भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके प्रोपर ऑफिसर को हटाया जाए, जिससे कि टैक्स का काम सही हो सके। जीएसटी नंबर के लिए नियमों के नाम पर जो पेच लगाया जाता है, वह नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 30 हजार करोड़ रुपए वैट के पेंडिंग हैं, उनकी वसूली करने की बजाय प्रोपर ऑफिसर कोई कदम नहीं उठा रहे। वहां मिलीभगत से मामले को पेंडिंग में ही रखा जा रहा है।

राजीव वत्स ने कहा कि जब जीएसटी एक्ट में ही इंस्पेक्टर्स को ऐसी कोई पावर नहीं दी गई है, हरियाणा सरकार ऐसा करके इंस्पेक्टरी राज को बढ़ावा दे रही है। ये इंस्पेक्टर व्यापारियों से गैर जरूरी कागजों की मांग करते हैं। व्यापारियों के काम अटकाते हैं। इससे सिर्फ व्यापारियों के लिए परेशानी खड़ी नहीं हो रही, फायर सेफ्टी एनओसी, फूड एनओसी, पॉल्यूशन कंट्रोल एनओसी, म्यूनिसिपल कारपोरेशन एनओसी, व्यक्तिगत बचत खाता, फर्म के निदेशक की प्रॉपर्टी ऑनरशिप की जानकारी, रेंट एग्रीमेंट की मांग की जा रही है।

### रजिस्ट्रेशन, कैंसिलेशन प्रोसेस को आसान किया जाए

एमएसएमई चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, के.के. बॉम्ब, पवन जिंदल, टैक्स बार के कोषाध्यक्ष अमित वर्मा ने कहा कि रजिस्ट्रेशन, केंसिलेशन व अमेंडमेंट प्रोसेस को आसान किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंस्पेक्टर को प्रोपर ऑफिसर हरियाणा के अलावा किसी राज्य में नहीं बनाया गया है। प्रोपर ऑफिसर की वजह से हरियाणा में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। रविंद्र जैन एडवोकेट ने भी टैक्स बार की मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें पूरा करने के लिए सरकार से मांग की।

# पीजी संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कमरे में मिला शव, जांच शुरू

### दोस्तों के साथ रात में पी थी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फर्रुखनगर एरिया के जाट कॉलोनी स्थित एक पीजी में संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की रात को संचालक ने अपने चार दोस्तों के साथ शराब पी थी। सुबह जब पड़ौसी ने जब दरवाजा खोला तो वह मृतावस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर मौत के कारणों की जांच कर रही है। दरअसल, वार्ड नंबर-1 के श्याम मंदिर के निकट रहने वाला नरेंद्र उर्फ तोता प्लंबर था। उसने कुछ दिन पहले ही एक किराए पर एक पीजी लिया था और उसे संचालित करने लगा। घटना की रात वह अपने चार दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। सुबह उसका शव पीजी में मिला। पीजी में रहने वाले भिवानी निवासी रजत ने बताया कि नरेंद्र ने रात को उससे बीड़ी का बंडल लिया था। सुबह जब रजत बीड़ी लेने गया, तो नरेंद्र के कमरे की कुंडी बाहर से बंद थी। कुंडी खोलने पर नरेंद्र कमरे में अचेत मिला। वे अपना आधा सामान छोड़कर भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि आरोपियों ने चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था। फरार हुए दोस्तों में से दो की पहचान राहुल और बिट्टू उर्फ कमांडो के रूप में हुई है।

## खबर संक्षेप

### यूपी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के फैसले के बाद शासन ने निकायों में 28 मार्च 2005 से पहले निकले




विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन देने का रास्ता साफ कर दिया है। लोगों से विकल्प मांगा गया है और प्रमाणित सेवा पुस्तिका की कापी स्थानीय निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2005 के बाद नई पेंशन व्यवस्था लागू की है।

### फर्जी दस्तावेजों से नेपाली नागरिक बना भारतीय

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें नेपाल के रहने वाले व्यक्ति



ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत की नागरिकता हासिल कर ली है। युवक बहादुर के खिलाफ कुशीनगर के एक व्यक्ति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई है।आरोप है कि वह न केवल जाली नोट और नशीले पदार्थों की तस्करी करता है, बल्कि भारत सरकार की योजनाओं का लाभ भी उठा रहा है।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा का मिला सिर कटा शव

**मेरठ।** यहां परतापुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव स्थित रजवाहे में गुरुवार को एक युवती की सिर कटी



लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव को खेतों में सिंचाई कर रहे एक किसान ने देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के खेतों और पानी में सिर की तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी।

## मजबूती व पवित्रता के लिए जाना जाता है यह पत्थर

# सफेद संगमरमर के मकराना पत्थरों से बनी हैं पूरक मंदिरों में स्थापित सभी मूर्तियां, राम दरबार का वजन कुल दो टन

अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित सभी मूर्तियां मकराना के सफेद संगमरमर से बनी हैं जिन्हें जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय और उनके परिवार ने बनाया है। इन मूर्तियों में राम दरबार सप्तर्षि और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं शामिल हैं जिनका वजन 200 किलोग्राम से लेकर दो टन तक है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामजन्मभूमि परिसर के सात पूरक मंदिरों में विराजित विभिन्न देवों की प्रतिमाएं और राम दरबार की सभी प्रतिमाओं का निर्माण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सफेद संगमरमर के मकराना पत्थरों से कराया है।

शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग के अलावा अन्य सभी प्रतिमाओं का निर्माण जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय व उनके स्वजनों ने किया है। इन प्रतिमाओं का



आकार-प्रकार अलग-अलग है। कोई प्रतिमा 400 तो कोई 500 किग्रा. तक की है। सप्तर्षियों की प्रतिमाएं भी 200 से 300 किग्रा तक वजनी हैं। वहीं राम दरबार का समग्र वजन लगभग दो टन है।

प्रख्यात मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय के पुत्र प्रशांत पांडेय ने बताया कि उनके पिता, चाचा पुष्पेंद्र पांडेय व उनके नेतृत्व में प्रतिमाओं का निर्माण लगभग 25 कारीगरों की टीम ने किया है। लगभग दस महीने में इन प्रतिमाओं का निर्माण संभव हो सका है। रामकाज में उनके परिवार को भी अवसर मिला, इस अविस्मरणीय क्षण को उनका परिवार आजीवन नहीं भुला सकेगा।

सामूहिक प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ट्रस्ट की ओर से पांडेय परिवार को भी आमंत्रित किया गया है। इसी परिवार ने देश के विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों की प्रतिमाओं का भी निर्माण किया है।

प्रशांत ने बताया कि रामजन्मभूमि परिसर के परकोटे के मध्य निर्मित देवी-देवताओं के मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं की ऊंचाई अलग-अलग है। सभी प्रतिमाएं खड़ी मुद्रा में हैं। भगवान सूर्यदेव, भगवान गणेश, हनुमान जी व मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा साढ़े तीन फीट ऊंची है तो मां दुर्गा की प्रतिमा की ऊंचाई पांच फीट है।

### लक्ष्मण जी की प्रतिमा साढ़े 4 फीट ऊंची, माता जानकी की प्रतिमा 5 फीट

*शेषावतार मंदिर में स्थापित वनवासी लक्ष्मण जी की प्रतिमा साढ़े चार फीट ऊंची है। शिव मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग स्थापित किया गया है, इसे गत वर्ष ही लाया गया था। वहीं, राम दरबार में भगवान राम व माता जानकी की प्रतिमा पांच फीट, भरत व हनुमान जी की तीन फीट और लक्ष्मण व शत्रुघ्न की प्रतिमा साढ़े चार फीट ऊंची है। राम-सीता व भरत-हनुमान जी की प्रतिमा बैठी मुद्रा में है तो लक्ष्मण व शत्रुघ्न खड़े मुद्रा में हैं। जिस सिंहासन पर इन प्रतिमाओं को विराजित किया गया है, वह ढाई फीट ऊंचा है। सप्तर्षियों में निषादराज के अतिरिक्त महर्षि वाल्मीकि, गुरु वशिष्ठ, गुरु विश्वामित्र, माता शबरी व माता अहिल्या की प्रतिमा बैठी मुद्रा में हैं।*

## बिहार चुनाव से पहले आरक्षण को लेकर सियासी बवाल

# चिराग पासवान के बाद तेजस्वी ने भी लिखा सीएम नीतीश को पत्र, गरमाई राजनीति

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म है। चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर रेप कांड पर और तेजस्वी यादव ने आरक्षण के मुद्दे पर नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। तेजस्वी यादव ने महागठबंधन सरकार द्वारा बढ़ाई गई 65% आरक्षण सीमा को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने में नीतीश कुमार की विफलता पर सवाल उठाया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा हाई है। 24 घंटे के भीतर सीएम नीतीश कुमार के पास दो कद्दावर नेताओं के लेटर पहुंच चुके हैं। पहला लेटर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर रेप कांड को लेकर लिखा, जबकि दूसरा लेटर बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरक्षण के मुद्दे पर लिखा। तेजस्वी यादव ने एक्स पर लेटर की तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने एक्स पर लिखा- महागठबंधन सरकार में बढ़ाई गई 65% आरक्षण सीमा को अपनी ही सरकार में संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल कराने में घोर विफल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को पत्र लिखा है।

उन्होंने बताया कि बाकी हमने जो करना है वो हम करेंगे। दलित-आदिवासी, पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्गों का वोट लेकर आरएसएस-भाजपा की पालकी ढो रहे अवसरवादी सुविधाभोगी नेताओं को भी बिहार की न्यायप्रिय जनता के साथ अच्छे से समझेंगे।

*केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर रेप कांड को लेकर लिखा था पत्र*

*संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल कराने में घोर विफल रहे हैं मुख्यमंत्री*



### मंत्री पद छोड़ें, दिल्ली और पटना दोनों जगह पैर ना रखें चिराग पासवान



चिराग पासवान के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के मुद्दे पर जन सुराज के प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। कहा है कि अगर वे केंद्रीय मंत्रिंडल से इस्तीफा देकर आते हैं तब लोग उन्हें सीरियसली लेंगे। पीके ने चिराग के बिहार की राजनीति में सक्रिय होने का स्वागत करते हुए कहा है कि लालू, नीतीश, रामविलास, सुशील मोदी का दौर चला गया। बिहार को अब नया नेतृत्व चुनना है। चिराग पासवान इसमें अपनी भागीदारी बनाना चाहते हैं तो अच्छी बात है। चुनाव तो जनता को करना है। सारण में प्रशांत किशोर ने कहा कि चिराग पासवान और उनकी पार्टी बिहार की ही राजनीति करती है। वे यहीं से सांसद बनकर मंत्री बने हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है कि बिहार के लिए राजनीति करना चाहते हैं। लेकिन जब वे मंत्री पद छोड़कर और सांसदी से इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव के मैदान में आते हैं तो जनता उन्हें गंभीरता से लेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि दिल्ली और पटना दोनों जगह पैर रखकर राजनीति नहीं चलेगी। उनको तय करना पड़ेगा कि कहां रहना है।

## राहुल गांधी का आज बिहार दौरा

# राजगीर में कांग्रेस का सम्मेलन दशरथ मांझी के गांव भी जाएंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

विधानसभा चुनाव 2025 से पहले एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बिहार दौरे पर आ रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार, 6 जून को बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नालंदा जिले के राजगीर में कांग्रेस के संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यहां वे अति पिछड़ा वर्ग के लोगों और छात्रों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके बाद वे माउंटेन मैन दशरथ मांझी के गांव गहलौर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। लौटते समय गया में उनका महिलाओं के साथ जन संवाद का कार्यक्रम होगा।

### विस चुनावी साल में पांचवां बिहार दौरा

बिहार कांग्रेस के नेताओं ने राहुल गांधी के दौरे की तैयारी पूरी कर ली है। चुनावी साल में यह उनका पांचवां बिहार दौरा होगा। पिछले महीने ही वे दरभंगा और पटना आए थे। दरभंगा में उन्होंने अंबेडकर छात्रावास में छात्रों से संवाद किया था। फिर पटना के सिनेमा हॉल में फुले मूवी देखी थी। इससे पहले उन्होंने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया था। अप्रैल में वे बेगूसराय में कन्हैया कुमार की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में भी आए थे।

### मुख्यमंत्री नीतीश के गृह क्षेत्र में है कार्यक्रम

*अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा जिले में राहुल गांधी का कार्यक्रम है। यह दौरा पिछले महीने ही होने वाला था, लेकिन राजगीर में हॉल खाली नहीं होने के चलते इसे 6 जून को रखा गया। आगामी अक्टूबर-नवंबर महीने में बिहार विधानसभा का चुनाव संभावित है। इससे पहले राहुल कांग्रेस को बिहार में फिर से मजबूत करने में लगे हुए हैं। पिछले महीने दरभंगा में उन्होंने दलित छात्रों से संवाद किया था। अब राजगीर में वे अति पिछड़ा वर्ग के लोगों और गया में महिलाओं से संवाद करेंगे।*

## पेज एक का शेष

### पाकिस्तान आतंकवाद...

अमेरिकी सांसदों, सरकारी अधिकारियों, विदेश मामलों की संसदीय समिति से हुई बातचीत से इतर वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब, भारतीय दूतावास में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी। अमेरिकी जनप्रतिनिधियों (इंडिया कॉकस) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की सराहना की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूएस कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति से भी मुलाकात की। बताते चलें कि बीते दिनों राहुल गांधी ने टिप्पणी की थी कि ट्रंप का फोन आने के बाद पीएम मोदी ने आत्मसमर्पण कर दिया।

### थरूर के प्रतिनिधिमंडल में ...

संभावी, जेएमएम से डॉ.सरफराज अहमद, टीडीपी से जीएम हरीश बालयोगी, शिवसेना से मिलिंद देवड़ा और पूर्व राजदूत टी.एस.संधू शामिल हैं। थरूर के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में 24 मई को अपनी विदेश यात्रा की शुरुआत न्यूयॉर्क से ही की थी। लेकिन उसके साथ ही ये लोग गयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा पर चले गए थे।

### पाकिस्तानी पीएम का रूसी...

मंगलवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर राष्ट्रपति पुतिन के नाम प्रधानमंत्री शरीफ का एक पत्र सौंपा था।

**पहलगाम हमले के बाद बिगड़े हालात :** पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तानी आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी। इनमें से 25 भारतीय और 1 नेपाल का रहने वाला था। जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद 9 आतंकी कैंपों को बर्बाद कर अपना बदला पूरा किया। इसके बाद पश्चिमी सीमा पर पाक ने बड़े पैमाने पर भारत के सैन्य, नागरिक ठिकानों को ड्रोन, मिसाइलों ने निशाना बनाया। लेकिन भारतीय सेनाओं ने उसके सभी वार पूरी तरह से नाकाम कर दिए। 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू हुआ और हर तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई गई।

### हमें ब्रिक्स देशों के बीच...

मंच आपसी सहयोग, एकजुटता और हमारे नागरिकों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। बिरला ने ब्रासीलिया, ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच के दूसरे कार्य सत्र को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। इस कार्य सत्र का विषय था 'आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स देशों की संसदों की कार्रवाई ।' उन्होंने कहा कि, "वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, ब्रिक्स देशों ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत का मानना है कि इसे और मजबूत करने के लिए, हमें ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि, "हम ब्रिक्स ग्रुप के विस्तार का स्वागत करते हैं। इससे हमारा परस्पर सहयोग और अधिक समावेशी और प्रभावशाली होगा ।"

बिरला ने यह भी कहा कि "हमें इस बात की चिंता है कि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है। यह असंतुलन वैश्विक समानता और संतुलित विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए, ब्रिक्स देशों को सामूहिक रूप से ऐसी संस्थाओं में ग्लोबल साउथ की भागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।" उन्होंने कहा कि, "कोविड-19 महामारी जैसे वैश्विक संकटों ने ग्लोबल साउथ को अधिक प्रभावित किया है। स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियाँ और भी बढ़ गई हैं। ठोस और समन्वित कार्रवाई के बिना, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करना कठिन होगा।"

बिरला ने कहा कि "भारत में जम्मू और कश्मीर में हाल ही में आतंकवादी हमला हुआ जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।" उन्होंने यह भी कहा कि, "पाकिस्तान अपने क्षेत्र से संचालित आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा है; भारत ने भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने और अपनी रक्षा करने के लिए जवाबी कार्यवाही करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए, बिरला ने कहा कि यह कार्यवाही संयत रूप से किसी को उकसाए बिना आनुपातिक रूप से और जिम्मेदाराना ढंग से की गई । इसका एकमात्र उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और आतंकवादियों को बेअसर करना था।

### लाभ और प्रभावः...

में मदद करेगी, क्योंकि डेटा तुरंत और सटीक रूप से सार्वजनिक किया जाएगा। मैनुअल प्रक्रियाओं को हटाकर, यह प्रणाली समय और संसाधनों की बचत करती है, साथ ही मानवीय त्रुटियों को कम करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव आयोग की यह नई तकनीक-संचालित प्रणाली इंडेक्स कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट के डिजिटलीकरण के माध्यम से चुनाव परिणामों की घोषणा को तेज और सटीक बनाएगी। यह प्रणाली न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पारदर्शिता और विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगी, जिससे चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा और मजबूत होगा।

### छोटी जोत वाले किसानों के...

को भी मिलकर काम करना होगा। हमें विदेशों की आवश्यकता के अनुसार निर्यात के लिए कृषि यंत्र बनाने चाहिए और साथ ही अपने देश के छोटी जोत वाले किसानों के लिए भी कृषि यंत्र बनाने पर जोर देना होगा। इन यंत्रों की कीमत भी ऐसी होनी चाहिए जिसे हमारे किसानों बिना आर्थिक दबाव के खरीद सके। सब्सिडी पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी उन्हें ही मिलनी चाहिए जो असल में उसके हकदार हैं। चौहान ने कहा कि आगे मशीनीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उद्योग जगत के लोगों से भी मिलकर इसे नई दिशा देने का काम किया जाएगा। मुझे खुशी है कि वैश्विक स्पर्धा करने लायक कृषि यंत्रों का अब हमारे अपने देश में निर्माण हो रहा है। खेती की हर समस्या का समाधान किसान भाइयों-बहनों से बातचीत के बाद ही तय किया जाएगा, ताकि भारत आगे बढ़ सके और हम दुनिया को दिशा दिखा सके। चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन की लागत कम करने जैसे दो काम हमें एक साथ लक्ष्यबद्ध होकर करने होंगे। उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छे बीज जरूरी है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों को बदलती जलवायु के अनुसार अधिक तापमान सहनशीलता वाले बीज विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शोध आधारित जलवायु अनुकूल खेती की दिशा में आगे बढ़ना होगा। खेती के लिए अब आधुनिकतम तकनीकों और पद्धतियों को अपनाना होगा। इससे उत्पादन भी बढ़ेगा और श्रम व लागत भी घटेगी। कटाई के साथ-साथ रोपाई भी अब मशीनों से हो सकती है। उन्होंने कहा कि कटाई के लिए अब बहुउद्देशीय हार्वेस्टर (फसल कटाई मशीन) उपलब्ध है, जिससे किसानों को लागत और श्रम की बचत में अत्यधिक लाभ हो रहा है।

### बेंगलुरू पुलिस कमिश्नर...

अनिवार्य होंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए इसकी जानकारी दी।

**भाजपा का राज्य सरकार पर हमला :** भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा- विजय जुलूस पहले भी निकाले गए हैं, लेकिन विजय जुलूस हमेशा कम से कम 2 दिन बाद निकाले जाते थे। भीड़ प्रबंधन की उचित व्यवस्था करने के लिए इस समय अंतराल की आवश्यकता है। सीएम और डिप्टी सीएम ने टीम को विजय जुलूस के लिए मजबूर किया और ये सभी व्यवस्थाएं सिर्फ 12 घंटे में की गईं, और इसका नतीजा 11 लोगों की मौत थी। जब अल्लू अर्जुन की फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मची, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए। अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के उसी सिद्धांत पर क्या डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया को भी गिरफ्तार किया जाएगा?

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

# नून नदी को पुनर्जीवित करने की कोशिश कामयाब, अब पूरे प्रदेश में बना मॉडल



एजेंसी ▶▶ जालौन

उत्तर प्रदेश के जालौन में विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी नून नदी को जनसहभागिता और प्रशासनिक प्रयासों से पुनर्जीवित कर दिया गया है। इस सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन के इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। सरकार ने घोषणा की है कि इस वर्ष पौधरोपण अभियान की शुरुआत नदी पुनरुद्धार के साथ होगी।

नून नदी का उद्गम महेवा ब्लॉक के सतोह गांव से होता है। यह नदी महेवा, कोंच, डकोर और कदौरा के 47 गांवों से होकर गुजरती हुई 82 किलोमीटर का सफर तय कर शेखपुर गुढ़ा गांव के पास यमुना नदी में मिल जाती है। कभी यह नदी हजारों किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख स्रोत थी, लेकिन बदलते मौसम और मानवीय लापरवाही के कारण इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया। 2014 में आई भीषण बाढ़ के बाद नदी का प्रवाह कम हो गया और इसके किनारों पर अतिक्रमण बढ़ने लगा।

धीरे-धीरे नदी का स्वरूप एक नाले जैसा हो गया। कई स्थानों पर लोगों ने नदी की जमीन पर खेती करना शुरू कर दिया, जिससे इसकी स्थिति और भी खराब हो गई।

वर्ष 2023 में तत्कालीन डीएम चांदनी सिंह ने नून नदी को पुनर्जीवित करने की पहल की थी।

## ढाबा को जेसीबी से ढाह दिया

# मुजफ्फरपुर रेपकांड के आरोपी पर बुलडोजर ऐक्शन, घर की कुर्की



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

रेप के आरोपी मुकेश राय के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। पांच दिन पहले के रेप के वारदात के ठिकानों पर पुलिस ने बुलडोजर ऐक्शन लिया है। फरार आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की गयी है वहीं आरोपी के परिवार द्वारा संचालित ढाबा के उस हिस्से को ढाह दिया गया है जिसे सड़क की जमीन पर बनाया गया था। डिप्टी सीएम और मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात का बाद प्रसाशन को इस मामले में कठोर कार्रवाई की खुली छूट दी थी।

रेप के आरोपी मुकेश राय के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। पांच दिन पहले के रेप के वारदात के ठिकानों पर पुलिस ने बुलडोजर ऐक्शन लिया है। फरार आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की गयी है वहीं आरोपी के परिवार द्वारा संचालित ढाबा के उस हिस्से को ढाह दिया गया है जिसे सड़क की जमीन पर बनाया गया था। डिप्टी सीएम और मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात का बाद प्रसाशन को इस मामले में कठोर कार्रवाई की खुली छूट दी थी।

# रांची में सिरम टोली-मेकॉन 2.34 किमी फ्लाईओवर चालू

## *अगस्त 2022 में रखी गई थी नींव, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन*

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची ने एक नई ऊंचाई छुई, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरम टोली चौक से राजेंद्र चौक तक 2.34 किलोमीटर लंबे फोरलेन फ्लाईओवर, एलिवेटेड पथ और रेलवे ओवरब्रिज परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना की नींव 19 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई थी।

परियोजना की मुख्य विशेषताओं में राज्य का पहला 132 मीटर लंबा एक्सट्रा-डोज्ड केबल-स्टे ब्रिज और 42 मीटर ऊंचे चार पायलन शामिल हैं, जो इसकी भव्यता को दर्शाते हैं। माइक्रो पाइल्स और फाउंडेशन जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग ने सीमित स्थान और भूमिगत बाधाओं



को पार करते हुए निर्माण को सफल बनाया। प्रीकास्ट पाइल कैप और प्रीकास्ट गर्डर्स ने सुरक्षा और गुणवत्ता के नए मानक स्थापित किए। सबसे उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के दौरान शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड कायम रहा, जो इसे न केवल एक संरचना बल्कि समर्पण और सुरक्षा का प्रतीक बनाता है। इस फ्लाईओवर के बनने से सिरम टोली चौक से राजेंद्र चौक तक की यात्रा का समय आधे घंटे से घटकर मात्र 5 मिनट रह गया है, जिससे रांची वासियों का बहुमूल्य समय बचेगा। यह परियोजना न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि झारखंड के विकास और भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

### खर्च हुए 13 सौ करोड़, लेकिन 13 घर में भी नहीं पहुंचा पानी

**गिरिडीह।** यहां जिला परिषद की हुई बोर्ड की बैठक शुरुआत में हंगामेदार रही। करीब 5 महीने बाद बैठे बोर्ड में सदस्यों ने नल-जल योजना पर खूब हंगामा किया। सदस्य विनय शर्मा ने यहां तक कह दिया कि वर्ष 2023 में नल-जल योजना की 1300 करोड़ की पूरी राशि खर्च कर दी गई, लेकिन दुर्भाग्य है कि 13 घर तक भी पानी नहीं पहुंचा है।



टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा

हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

### मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

### बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

### रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



### बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों





और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

### बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

### हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी

शिखर चंद जैन



बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

### हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमूर भी करते हैं एस्टिवेशन

पक्षियों में हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

कहानी

मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़



अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता

राकेश चक्र



## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## जीके क्विज-156



1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?


बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोबेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।




उत्तर: 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना ने दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाली में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के जन्म शताब्दी समारोह में प्रदेश भर में लगेंगे किसान मेले

### भोपाल में 12 से 14 अक्टूबर तक अटलजी को समर्पित किया जाएगा वृहद आयोजन

### वर्ष 2028 तक सभी गरीब परिवारों को मिलेंगे पक्के आवास

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में किसान मेलों का आयोजन किया जाएगा।

भोपाल में 12 से 14 अक्टूबर को अटल जी को समर्पित बड़ा आयोजन किया जाएगा और इससे पहले प्रदेश भर में गरीब, किसान और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ. यादव उमरिया जिले के पाली में आयोजित 'पेसा महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 14.71 करोड़ रुपए की लागत वाले चार कार्यों का भूमिपूजन और 39.14 करोड़ की लागत वाले 22 कार्यों का लोकार्पण किया। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2028 तक प्रदेश के सभी गरीबों को पक्के आवास बना कर दे दिए जाएंगे।



### बढ़ाई जाएगी लाड़ली बहना योजना में राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में हर महीने राशि भेजकर रक्षाबंधन मना रही है। लाड़ली बहना योजना की राशि पहले 1000 से बढ़ाकर 1250 रुपए की गई। इसे धीरे-धीरे 3000 रुपए प्रति माह तक बढ़ाया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश भर के पात्र किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। अन्नदाताओं को 5 रुपए में बिजली का कनेक्शन मिल रहा है। प्रदेश में 32 लाख किसानों के लिए सोलर पंप मात्र 10 प्रतिशत राशि पर मिलेगा। किसान अपने उपयोग के बाद सरकार को भी बिजली बेच सकेंगे।

### भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारता है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाईं। बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। हमारी सेनाओं ने पलक झपकते ही आतंकियों को ठिकाने लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगर पाकिस्तान ने दोबारा गोली चलाई तो उसे गोले से जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और इजरायल के बाद भारत दुनिया में तीसरा देश है, जो अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारता है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए देने का फैसला लिया है।

### पेसा एक्ट के तहत कई तरह के विकास कार्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजाति समुदाय को 2022 में पेसा एक्ट की सौगात मिली। इसके अंतर्गत कई प्रकार के विकास कार्य हुए हैं। प्रदेश में 5300 से अधिक पंचायतों ने पेसा एक्ट के माध्यम से सहभागिता बढ़ाई है। प्रदेश के जनजाति बहुल 88 विकासखंडों के गरीब से गरीब व्यक्ति के परिवार में सवेरा आए, इसके लिए सरकार हर स्तर पर कार्य कर रही है। युवाओं के लिए एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनजातीय योध्दाओं के बलिदान को स्कूल एवं कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है।*

### जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश का प्रदर्शन श्रेष्ठ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में खंडवा जिला देश भर में प्रथम आया है और प्रदेश को भी चौथा स्थान मिला है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय पेसा महासम्मेलन में विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ हितग्राहियों को वितरित किया। इस अवसर पर शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, बांधवगढ विधायक शिव नारायण सिंह, पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के नागरिक उपस्थित थे।

### सरकारी वाहन में तोड़फोड़, बुलडोजर एक्शन पर हंगामा



अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम पर हमला

# महिला पुलिस को पीटा लाठी-डंडे लेकर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में बुधवार को उस समय हंगामा मच गया जब अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। मामला रायपुर के जोन-3 ऑफिस का है, जहां महिलाओं और बच्चों ने मिलकर हंगामा किया।

इस दौरान न सिर्फ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, बल्कि महिला पुलिसकर्मी से भी मारपीट की गई। बुधवार को नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए रायपुर के बंजारी नगर इलाके में पहुंची थी। प्रशासनिक निर्देशों के तहत इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध निर्माण को हटाने की योजना थी, लेकिन जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, वहां मौजूद महिलाओं और बच्चों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

### निगम जोन-3 ऑफिस में जबरन घुसी भीड़, की जमकर तोड़फोड़

*कार्रवाई से गुस्साई भीड़ बाद में रायपुर नगर निगम के जोन-3 ऑफिस में घुस गई। यहां महिलाओं और बच्चों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की। कुर्सियां, फाइलें, शीशे और कई सरकारी सामान तोड़ डाले गए। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे लोग पूरी तैयारी से आए थे। हंगामे के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी को भी पीटा गया। वीडियो में देखा गया कि भीड़ ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और फिर मारपीट की। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों में गुस्सा भी बढ़ रहा है कि कानून की रक्षक महिलाओं को ही निशाना बनाया गया। भीड़ ने निगम की दो सरकारी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। वाहनों के शीशे तोड़े गए और लाठियों से हमला किया गया। इस हिंसा से आक्रोशित होकर निगम कर्मचारी लामबंद हो गए हैं और उन्होंने विरोध दर्ज कराने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि ऐसे हमलों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे काम बंद आंदोलन पर जा सकते हैं।*

**पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण**

रायपुर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र, स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिलें वितरित कीं

# दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में बनाते हैं स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को मप्र सरकार हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग शब्द प्रदान करने से समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने पृथ्वी पर हमारे जन्म की रचना की है। परमात्मा ने जरूरतमंदों के लिए कुछ बेहतर पुण्य कर्म करने का अवसर भी दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

यह कार्यक्रम पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण, पुरात्व और जल संसाधन विभागों के दिव्यांगजन को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने हितग्राहियों को स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिल का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की ब्रेल लिपि में विकसित पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तथा सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भोपाल महापौर मालती राय तथा विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से मौजूद थे। दिव्यांग विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने किया आयोजन**



### सभी को सम्मान से जीने का अधिकार देना मुख्यमंत्री का संकल्प

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्र दिव्यांगजनों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। वे सदैव दिव्यांगजन से संवाद के लिए तत्पर रहते हैं। उनका संकल्प है कि सबको सम्मान से जीने का अधिकार मिले और समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी की दया पर जीवन न जीना पड़े। जब सरकार संवेदनशील होती है तो वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझती है। आज दिव्यांगजन को नियुक्ति मिलना उनके और पूरे परिवार के लिए बड़ी खुशी का अवसर है। मुख्यमंत्री भारत की प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही विरासत के साथ विकास और जनहित के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण हो रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### प्रदेश में 2600 पदों पर की गई दिव्यांगजन की भर्ती

*सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने के लिए संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दिव्यांगजन के लिए भी अनेक कल्याणाकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन, छात्रवृत्ति आदि का लाभ भी दिया जा रहा है। देश भर में दिव्यांगजन के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें नौकरियों में 6 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश में 2600 पदों पर दिव्यांगजनों की भर्ती की गई है। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंगों के लिए भटकना न पड़े, इस उद्देश्य से उनकी सुविधा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए के लिए कृत्रिम अंग वितरण के लिए जिला स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके लिए राजस्थान की महावीर संस्था को दायित्व सौंपा गया है।*

### घटना के समय आवास के बाहर सो रहे थे वृद्ध

# जायदाद के लिए पोते ने दादा को जिंदा जलाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस ने बामी गांव में हुए हत्याकांड का खुलासा कर दिया है, आरोपी कोई और नहीं बल्कि मृतक का पोता निकला, जिसने जायदाद के लिए अपने दादा के उपर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल कबीरधाम जिले के जंगल सिंघनपुरी थाना अंतर्गत ग्राम बामी में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात घर के बाहर सो रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग झंडी साहू को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी।

घटना के बाद सुबह पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की बारीकी से पड़ताल की और हर पहलु में आगे बढ़ी।

पुलिस को घटना के पीछे संपत्ति को लेकर हत्या की आशंका हुई तो पुलिस ने गांव वाले और रिश्तेदारों से पूछताछ की तो पता चला कि बुजुर्ग और उसके तीन बेटों में जमीन बंटवारे को लेकर मनमुटाव चल रहा है। आरोपी के पिता इतवारी साहू और आरोपी दीपक साहू इस बात से बुजुर्ग से नाराज थे।

### पकड़ा गया आरोपी

*पुलिस ने मृतक के बेटे इतवारी साहू और पोता दीपक साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी दीपक ने दादा की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि दादा अपने दो बेटों को जायदाद में ज्यादा हिस्सा दे रहा था और उसके पिता को कम, इस बात से वह नाराज था। कुछ दिनों बाद लिखा-पढ़ी करने की तैयारी चल रही थी, इसलिए उसने दादा की पेट्रोल डालकर हत्या कर दी। एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात झंडी गांव में हुए हृदय विदारक हत्याकांड के आरोपी दीपक साहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने जायदाद के लालच में अपने दादा झंडी साहू की पेट्रोल डालकर हत्या की थी। आरोपी को धारा 1030(1) 111 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय में पेश किया जा रहा है।*

# रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना के संभावित खतरे को लेकर मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान डमी मरीज को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर चिकित्सक ने कोरोना का उपचार किया गया। देश के अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना कुछ केस पाए गए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में कोरोना के संभावित खतरे और आपात स्थिति से निपटने को लेकर गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान कोरोना से संक्रमित डमी मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया।

मरीज को एम्बुलेंस से उतार कर पीपीई किट पहने स्वास्थ्यकर्मी ऑक्सीजन सिलेंडर युक्त स्ट्रेचर में लेटाकर वर्तमान में चिन्हांकित 24 बेड आइसोलेशन वार्ड लेकर गए, जहां पूर्व से मौजूद पीपीई किट लेस चिकित्सक, स्टाफ द्वारा सबसे पहले ऑक्सीमीटर से उक्त मरीज के ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। फिर उसे ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड पर लिटाया गया। इसके बाद उसका इलाज किया गया।

### ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू

*ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की गई। वहीं वेंटिलेटर व मल्टी पैरामीटर, वाइटल साइन मशीन के माध्यम से जांच व मॉनिटरिंग चिकित्सकों ने की। मॉक ड्रिल का मंजर देख कोरोना की याद ताजा हो गई। मालूम हो कि देश में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपात स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके मिंज ने पूर्वाभ्यास के दौरान अस्पताल आने वाले मरीजों की समुचित देखभाल की व्यवस्था, कोविड जांच सुनिश्चित करने, हर परिस्थिति से निपटने, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने को लेकर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए। वहीं चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। अस्पताल में सेनिटाइजर की व्यवस्था, ऑक्सीजन की उपलब्धता व दवाइयों की भी जांच की गई। इस मौके पर डॉक्टरों का अमला मौजूद रहा।*

### बस्तर से प्लास्टिक कचरा हटाने का संकल्प

**जगदलपुर।** बस्तर से प्लास्टिक कचरे के सफाए का संकल्प लिया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यहां बस्तर का प्लास्टिक मटेरियल रिकवरी फेसलिटी (एमआरएफ) सह मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर (एमआरसी) एक शानदार उदाहरण पेश कर रहा है कि कैसे कचरे को भी सोना बनाया जा सकता है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत तीन साल पहले जगदलपुर शहर से 6 किलोमीटर दूर बुरुंदवाड़ा सेमरा में जिला प्रशासन, एचडीएफसी बैंक और सेंटर फार इन्वायरमेंट एजुकेशन (सीइसी) द्वारा स्थापित यह संयंत्र देश का दूसरा और छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा उद्यम है। पहले चरण में यहां केवल प्लास्टिक कचरा संग्रहण की सुविधा थी, तीन माह पूर्व रीसाइक्लिंग का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बस्तर संभाग में स्थापित प्लास्टिक मटेरियल रिकवरी फेसलिटी सह मटेरियल रीसाइक्लिंग सेंटर पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरा निष्पादन का एक बेहतरीन उदाहरण बन रहा है।

### फेस आईडी बना कर ग्राहक के नाम पर लिया लाखों का लोन, प्रकरण दर्ज

**भिलाई।** बजाज फाइनेंस कंपनी के एजेंट ने धोखाधड़ी कर ग्राहक को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। एजेंट ने ग्राहक का मोबाइल फोन मांगकर उसकी फेस आईडी से अलग-अलग लोन एप के माध्यम से करीब 1 लाख 78 हजार रुपए लोन निकाल लिया। उसने इस राशि को मोबाइल से अपने खाते में ट्रांसफार्मर करवा लिया। खुर्सीपार के एकता नगर निवासी राजा बाबू शर्मा ने घनश्याम साहू से संपर्क किया था।

### महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पितः सीएम डॉ. यादव

# रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार

### मनगवां के सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनों को लाडंली बहना योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मनगंवा में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किए। उन्होंने मनगवां में स्टेडियम निर्माण तथा देवास हाईस्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल का उन्नयन करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां तिवनी मोड़ से प्रयागराज रोड तक टू लेन सीसी रोड निर्माण की घोषणा की, इस 5.5 किलोमीटर सड़क निर्माण पर 16.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि रीवा की धरती में बहनों का अभिनंदन करते हुए गर्व हो रहा है। बहनों के लिए

### प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। 2003 में प्रदेश में पांच मेडिकल कॉलेज थे। आज 27 मेडिकल कॉलेज हैं और तीन शीघ्र बनने वाले हैं। 2003 में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 11000 रुपए थी जो अब बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। प्रदेश भर में सांदीपनि विद्यालय आधुनिक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं में परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहे।



### 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र को लगभग 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में रिमोट का बटन दबाकर 49 करोड़ 97 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को हितलाभ वितरित किए।

### किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। हम किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे। अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएंगे। किसान सोलर से प्राप्त बिजली का उपयोग करेंगे और अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीद कर किसानों को पैसा देगी।

### रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध

*मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से मेरा दोहरा और मीठा नाता है। रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध हैं। रीवा में महानगरों की तरह आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस साल यूपीएससी की परीक्षा में प्रदेश के 60 उम्मीदवारों को सफलता मिली है जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के साथ-साथ दूध उत्पादन के लिए भी विशेष प्रयास करेंगे। वर्तमान में देश के 9 प्रतिशत दूध का उत्पादन मप्र में होता है,*


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नरवाना | खेड़ी लाम्बा ड्रेन आरडी 0 से 8500 (2025) तक आंतरिक सफाई जैसे जल कुम्भी, कीचड़ की वनस्पति और अवरोध इत्यादि को हटाना। | 02.06.2025 07.06.2025 | 1.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैसेज की रिफिलिंग हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 10.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 3.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | लोनिवि भ व प, गुरूग्राम | वर्ष 2025-26 हेतु हिसार जिले में 05 अदद ओडीआर रोड के सी/वी में पौधारोपण कार्य का ए/एम (12 माह हेतु सी/वी में पौधारोपण कार्य का रखरखाव, लेबर कार्य केवल और जल टैंकर को भरना) (लागत के सार के अनुरूप कार्य का विवरण) (पुनः आमंत्रण) + 1 अन्य कार्य। | 03.06.2025 09.06.2025 | 27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव पट्टी ब्राह्मणा, स्कीम का नाम डी प्लान 2025-26 ब्लॉक गन्नौर, डिवीजन का नाम सोनीपत में शैड (शमशान घाट में बरामदा) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 5.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खिजारपुर अहीर ब्लॉक गन्नौर में चांद पुत्र रामपाल के खेत से रमेश पुत्र बाबूराम के खेत तक रास्ता का निर्माण, डी प्लान 2025-26, सामान्य एसस-7.80 एल + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 19.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sdoprganaur1@gmail.com |
| 6 | आयुष निदेशालय, हरियाणा कुरूक्षेत्र | बैक पर स्थल विवरण सहित समारोह स्लोगन (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा) और फ्रंट पर आईडीवाई लोगो (मल्टीकलर) वाली 1,00,000 राउंड-नेक व्हाइट टी-शर्ट्स (160 जीएसएम) की खरीद। | 05.06.2025 12.06.2025 | 1 करोड़ | www.kurukshetra.gov.in | 9416377153 daokkr13@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/120/35414/I/88/7 दि. 05.06.25

चिंतन

# भगदड़ के गुनहगारों को कड़ी सजा मिले

जीत के जश्न ने गहरा जख्म दे दिया है, उन 11 परिवारों को, जिनके वे अपने कभी लौट कर नहीं आएंगे, जिनकी भगदड़ में मौत हो गई। अब चाहे कर्नाटक सरकार, आयोजक, आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) प्रबंधन और पुलिस प्रशासन जो भी तर्क दें, दलील दें, सफाई दें, लेकिन जिनकी जान गई है, उनके परिवारों की भरपाई नहीं की सकती है। आईपीएल के 18 वर्ष की यात्रा में आरसीबी की पहली ट्रॉफी जीत का जश्न मनाने के लिए फाइनल के अगले दिन ही बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की जल्दबाजी राज्य के कांग्रेस नेताओं की उस राजनीतिक तत्परता को दिखाती है, जिसमें श्रेय लेने व पब्लिक सेंटिमेंट के माहौल का सियासी फायदा उठाने की कुत्सित भावना होती है। कायदे से विवेचित किया जाए तो, कर्नाटक सरकार, पुलिस प्रशासन से लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) व आरसीबी प्रबंधन तक सभी इस भगदड़ के लिए बराबर के जिम्मेदार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निहायत ही निजी प्रतियोगिता है, इसका सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। यह बीसीसीआई का पेशेवर लीग है, जिसमें सबकुछ क्रय-विक्रय के आधार पर तय है। आरसीबी की जीत न कर्नाटक राज्य की जीत है, न कांग्रेस की जीत है, न कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की जीत है व न ही कर्नाटक की जनता की विजय है, केवल और केवल आरसीबी टीम व उसके पीछे लगे निवेशकों की जीत है, फिर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के पदेन लोग किस हैसियत से जीत के जश्न में शामिल हो रहे थे? सरकार ने जनसुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं की? जश्न मनाने की इतनी जल्दबाजी क्यों थी? आरसीबी प्रबंधन ने संभावित खतरे को क्यों नहीं भांपा? प्रशंसक ही किसी खेल और टीम के उत्साह को बढ़ाते हैं, तो टीम प्रबंधन ने प्रशंसकों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया? बेंगलुरु में भगदड़ घटना के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार कर्नाटक की मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सरकार और बेंगलुरु के पुलिस प्रशासन हैं, जिसने भीड़ की सुरक्षा के सभी नियमों को ताक पर रखकर ऐसे कार्यक्रम को होने दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से मौत और घायल होने के मामले में कारणों की स्थिति रिपोर्ट पेश करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया है। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को नोटिस जारी करके 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया है। बेंगलुरु में क्यूब्बन पार्क पुलिस स्टेशन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों पर संबंधित कानूनी प्रावधानों की धारा 105, 125(1)(2), 132, 121/1, 190 और 3(5) के तहत आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की ईमानदारी से जांच होनी चाहिए और घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यह स्वाभाविक हादसा नहीं है, बल्कि मानव नियोजित हादसा है, जिससे बचा जा सकता था। जश्न मनाने का तरीका केवल पब्लिक गेदरिंग ही नहीं है। जश्न के बहाने राजनीति साधने की मंशा भी गलत है। सभी सबक लें। जन सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध हो। प्रशसंकों और नागरिकों का भी अपना विवेक होना चाहिए कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर भीड़ का हिस्सा न बनें।

मंथन

विकेश कुमार बडोला



## बदलनी होगी मानवनिर्मित आपदाओं की मानसिकता

अधिक जनसंख्या का भिन्न-भिन्न आधारों पर समर्थन करने वाले लोगों के लिए बेंगुलरू में भगदड़ में 11 लोगों की मृत्यु पुनः यही संदेश प्रसारित कर रही है कि अधि जनसंख्या कभी भी कल्याणकारी नहीं होती है। आईपीएल की अंतिम व निर्णायक प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की विजय का उत्सव मनाने चिन्नास्वामी स्टेडियम के समीप अत्यधिक संख्या में एकत्र समर्थकों द्वारा उत्पन्न भगदड़ में मरे, घायल व सार्वजनिक अशांति के कारक भीड़ में जीवित लोगों की मानसिकता पर सच कहूं तो उनके प्रति मानवीय संवेदना नहीं है। यह कैसा उत्सवी आयोजन है! यह क्या मूर्खता है! जिनकी विजयी हुई है वे खिलाड़ी, खिलाड़ियों के स्वामी, खेल के साथ व्यावसायिक व अन्य कारणों से जुड़ी हुईं सभी इकाइयां और समूह सभी सुरक्षित हैं। वे क्रिकेट-क्रीड़ा में प्राप्त विजय और अर्जित धन-संसाधन से हर्षोल्लासित हैं। उन्हें कोई व किसी प्रकार की शारीरिक, आर्थिक, व्यावसायिक तथा अन्य हानि नहीं हुई है। तो साधारण व्यक्तियों के पास सार्वजनिक रूप में विशाल संख्या के साथ एकत्र होकर इतनी उत्सवी अधीरता दिखाने का क्या मूर्खतापूर्ण विचार है, जो उन्हें इतना सोचने का समय भी नहीं देता कि इससे अंततः उनमें से कुछ को मृत्यु और कायिक घावों के अतिरिक्त क्या मिला। दुनिया के अनेक युद्धों, प्राकृतिक विपदाओं, आपदाओं, बाढ़, अतिवृष्टि में प्रतिदिन हजारों लोग मर रहे हैं। अपने देश को उदाहरण स्वरूप सम्मुख रख देखें और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत 26 व्यक्तियों की मृत्यु को एक मानक बनाकर चलें तो तब से लेकर अब तक भारत में आतंकी हमलों, पाक सेना के थल व वायु सैन्य हमलों, प्राकृतिक आपदाओं, बिजली गिरने, विषैली मदिरा के पान, सड़क दुर्घटनाओं, कोरोना रोग, हत्या, आत्महत्या, कुपोषण, रोग, बेंगलुरू की भगदड़ तथा अन्य कारणों से हजारों लोग मर चुके हैं। वास्तव में यही विज्ञान एवं आधुनिकता का अभिशापित पक्ष है। इस पक्ष की विसंगतियों में वृद्धि होते ही लोगों के जीवन पर सीधे-सीधे मानव निर्मित मृत्यु का संकट मंडराने लगता है। प्रत्यक्ष दोष विज्ञान एवं आधुनिकता का भी नहीं है। दोष है मानवीय अज्ञानता, अविवेक, अधीरता, असंतोष से भरे हुए अहंकार एवं स्वार्थ का। दोषी है स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने वाला मानवीय स्वभाव। जब देश-दुनिया के सार्वजनिक जीवन में अहंकार के प्रदर्शन में वृद्धि होगी तथा नम्रता व विनम्रता के नेतृत्व में संचालित मानवीयता के समग्र सकारात्मक पक्षों, सद्गुणों एवं सदप्रवृत्तियों में तीव्र कमी होगी, तो किंचित ऐसा ही विघटन होगा। दुनिया की वर्त स्थितियों-परिस्थितियों को देखने का यह एक एकल दृष्टिकोण है। यह दृष्टिदर्शन केवल पृथ्वी के मानवीय अस्तित्व के साथ जुड़कर सार्वजनिक घटन-विघटन, अच्छाई-बुराई, घटना-दुर्घटना और लाभ-हानि का आकलन करता है। जबकि पृथ्वी पर ऐसा होने-घटने के आधारभूत कारक ब्रह्माण्ड की किसी पारिस्थितिकीय शक्ति से जुड़े होते हैं। जो ऐसा मानते हैं, वे धर्मभीरू हैं और ईश्वर के अस्तित्व के समक्ष हर संभव उच्च भाव के साथ नतमस्तक अवस्था में होते हैं। विभिन्न प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदायें होने-घटने की योजनायें मानवीय कर्मों के आधार पर पूर्वनिर्धारित हैं। इन्हें कोई व कैसा भी भौतिक विज्ञान रोक नहीं सकता है। प्रकृतिजन्य एवं मनुष्यजन्य आपदाओं की निरंतर वृद्धि ने सिद्ध कर दिया है कि अधिक जनसंख्या यदि मानवीय दुर्गुणों से युक्त होगी, तो वह बैठे-बिठाये ही मनुष्यनिर्मित आपदाएं उत्पन्न करने का कारक बनेगी। हमें मानवनिर्मित आपदाओं में प्राण गंवाने वालों के स्थान पर स्वयं और अपने प्रियजनों को रखकर विचार करना चाहिए कि यदि हम या हमारे प्रियजन ऐसे यूं प्राण गंवाते और देश के जीवित प्रतिष्ठित, विशिष्ट व साधारण जन हमारी दुःखद मृत्यु की उपेक्षा कर हमें भूल जाते तो फिर हमारे होने या न होने का क्या मूल्य होता। देश को प्रयास करने होंगे कि लोग सर्वप्रथम अपने भौतिक-कायिक अस्तित्व का मूल्य समझें। शासन-प्रशासन को भी साधारण लोगों के अस्तित्व को विशिष्ट मान उसकी सुरक्षा के नवीन कार्यक्रम बनाकर उनका दैनिक कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। अब यह लोकतांत्रिक धारणा भी प्रस्थापित करनी होगी कि जब तक साधारण व्यक्ति को मानसिक-शारीरिक रूप से उच्च सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी, तब तक विशिष्ट व्यक्तियों की विशिष्टता और बौद्धिकता का कोई व कुछ भी मूल्य नहीं होगा। चाहे जो हो, शासन को मानवनिर्मित आपदाओं की सबसे बड़ी कारक सार्वजनिक अविवेकी मानसकिता में निरंतर सकारात्मक व विवेकपूर्ण परिवर्तन लाना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अस्थिर बांग्लादेश भारत के लिए चुनौती



विश्लेषण

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

भारत के पड़ोस में स्थित बांग्लादेश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। यह राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं और भारत देश के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

भाषा, सांस्कृतिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, शिक्षा, मानवाधिकार और लोकतंत्र की बुनियाद पर टिके बांग्लादेश का भविष्य कट्टरपंथ के अंधेरे में घिरता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के पड़ोस में स्थित यह देश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। जमात-ए-इस्लामी राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है जो समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी सेवाओं को पहुंचाकर व्यापक प्रभाव कायम कर चुका है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और देश की न्यायपालिका के जमात-ए-इस्लामी को मजबूत करने वाले फैसलों से बांग्लादेश की विविधता के खत्म होने की आशंका गहरा गई है।

दरअसल जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान से बांग्लादेश के अलग होने का विरोध करती रही है और यही कारण है कि एक राजनीतिक दल के रूप में इसके प्रभाव को रोकने के लिए इसे वैधानिक रूप से प्रतिबंधित रखा गया था। अब बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जमात-ए-इस्लामी पर से वह प्रतिबन्ध हटाने के साथ ही यह सुनिश्चित हो गया है कि आगामी आम चुनावों में यह कट्टरपंथी दल एक मजबूत दावेदार के रूप में भागीदारी करेगा और यह स्थिति बांग्लादेश के साथ ही भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती है। जमात-ए-इस्लामी के उद्देश्य बेहद स्पष्ट हैं, पाकिस्तान से मजबूत संबंध तथा बांग्लादेश में इस्लामिक मूल्यों पर आधारित व्यवस्था की स्थापना करना। इस संगठन के कई सहयोगी उप-संगठन हैं, जो विभिन्न सामाजिक, छात्र, महिला और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ये उप-संगठन अक्सर जमात की विचारधारा को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक विचारधारा इस्लामी धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसके संस्थापक नेता अबुल-अला-मौदूदी इस्लामी सरकार और शरिया क़ानून की वकालत करते थे। ऐसा माना जाता है कि जमात-ए-इस्लामी के सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों से देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों, सेना और प्रशासन में इसकी पैठ है। इसका फायदा राजनीतिक परिणामों में जनसमर्थन के रूप में व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है। 1971 में बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आने के बाद धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को लेकर यह देश हमेशा आलोचना में रहा है। हालांकि शेख हसीना के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की कोशिशों को व्यापक सफलता मिली थी। इन सबके बीच जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों ने देश में हिन्दू, बौद्ध और ईसाईयों को निशाना भी बनाया है। जमात-ए-इस्लामी को कुछ कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों का भी समर्थन हासिल रहा है जिसमें जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश या जेएमबी तथा हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी बांग्लादेश या हूजी प्रमुख हैं। हूजी का पाकिस्तान से गहरा संबंध है, इसका गठन 17 बांग्लादेशी



मुजाहिदीन द्वारा किया गया था, जो कथित तौर पर अल-कायदा से वित्तीय मदद लेकर अफगानिस्तान से लौटे थे। हूजी का उद्देश्य युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके देश में इस्लामी शासन स्थापित करना है। यह ओसामा बिन लादेन और तालिबान से प्रेरणा लेता है। एक समय में, इसने एक नारा जारी किया था, अमरा सोबाई होबो तालिबान, बांग्ला होबे अफगानिस्तान अर्थात हम सभी तालिबान बनेंगे और हम बांग्लादेश को अफगानिस्तान में बदल देंगे। भारत के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी 2007-2008 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत में आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और बांग्लादेश स्थित हूजी की भूमिका को स्पष्ट किया था।

इन तीनों संगठनों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। हूजी के पूर्वोत्तर के राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों से संबंध रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी हूजी के भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, चेचन्या, उज्बेकिस्तान, मयांमार, बांग्लादेश, ईरान, मलेशिया, फिजी, आयरलैंड, यूके, यूएस, फिलीपींस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक आतंकी समूहों से सम्बन्ध सामने आये हैं। जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का कार्यकाल रहा था। उनके 15 साल के प्रधानमंत्रित्व काल में कट्टरपंथी और आतंकी समूहों पर लगाम लगाई गई जिसका फायदा भारत को भी लगातार मिला। इस समय भारत और पाकिस्तान के सम्बन्ध बेहद खराब है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर तनाव है। कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर भारत को चीन की नित नई चुनौतियां मिल रही हैं।

बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस भारत विरोधी ताकतों से लगातार हाथ मिला रहे हैं। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाएं सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील मानी जाती हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में इस समूचे क्षेत्र में भारत विरोधी शक्तियों को न केवल सख्ती से रोक दिया गया था बल्कि उन पर कड़ी कार्रवाई भी की गई थी। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरीके से बदल चुकी हैं। मुहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान और चीन के साथ मिलकर भारत को सामरिक रूप से चुनौती देने वाले कई कार्य किए हैं। भारत बांग्लादेश में किसी लोकप्रिय सरकार के सत्ता में आने का इंतजार कर रहा है जिससे दोनों देशों के संबंध सामान्य और मजबूत हो सकें। वहीं बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का प्रभाव बेहद बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है जो भारत विरोध के रूप में बार-बार सामने आ रहा है। जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबन्ध हटने से भारत विरोध और अल्पसंख्यकों पर अत्यचारों में तीव्रता आ सकती है। बांग्लादेश में इस समय जिस तरह से अस्थिर और अप्रत्याशित राजनीतिक हालात बन गये हैं, उससे शेख हसीना की अवामी लीग का सत्ता में लौटना मुमकिन नहीं लगता।

अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आपराधिक मुकदमें दर्ज कर उनकी पार्टी अवामी लीग को भी अप्रासंगिक बना दिए जाने की सरकारी कोशिशें अंतरिम सरकार के द्वारा लगातार की जा रही हैं। स्वाभाविक तौर पर इसका फायदा जमात-ए-इस्लामी को मिल सकता है। आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी सत्ता में आ सकती है या सत्ता में मजबूत भागीदार हो सकती है। इन दोनों संभावनाओं में बांग्लादेश को संविधानिक परिवर्तनों से गुजरने की आशंकाएं बढ़ सकती हैं जो अंततः इस देश को तालिबान आधारित सत्ता की ओर धकेल देगी। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं, भारत के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## रिलेशनशिप को स्ट्रांग रखने इन बातों की गांठ बांधे



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।


## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शादी नहीं, ठगी का धंधा


भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।' हिसार पुलिस ने हाल ही में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो विवाह के नाम पर लोगों को ठगने का कारोबार चला रहा था। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- निर्मल अवस्थी, कांकेर*

करंट अफेयर

## वियतनाम ने दो बच्चों की नीति को किया खत्म

वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम की सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे अपने छह वर्षीय बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।



ऑफ बीट

## संतान को पालने मजबूत साझेदार बनाते हैं पक्षी

कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।



## ट्रेंड

### सिंदूर का पौधा

साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल कच्छ की वीरांगनाओं ने हाल ही में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### पर्यावरण सुरक्षा जरूरी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज पूरी दुनिया मे चिंता है। पर्यावरण बचेगा, जंगल, पेड़-पौधे, नदियां बचे रहेंगे तो मानव जीवन भी संरक्षित रहेगा। झारखण्ड के नाम से ही एक चित्र आंखों के सामने आता है कि जंगल, नदी, पहाड़ से भरा यह राज्य है।


- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखण्ड



### पर्यावरण संरक्षण की शपथ

पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने और पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली। आइए प्रदूषण को कम करने और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। हर कार्य मायने रखता है।

- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश



### प्राकृतिक उत्पादों का चयन

प्लास्टिक का बुद्धिमानी से उपयोग व टिकाऊ, प्राकृतिक उत्पादों का चयन करना चाहिए। अगर हम प्लास्टिक का दोबारा उपयोग करने या उसे नकारने का संकल्प लें, तो दुनिया एक बेहतर जगह बन जाएगी।

- श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय मंत्रियों ने किया 'प्लास्टिक प्रदूषण' को हराने का आह्वान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने प्लास्टिक प्रदूषण रोकने का आह्वान किया है। मंत्रियों ने गुरुवार को नागरिकों से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और स्थिरता को अपनाने का आग्रह किया है। इस दौरान उन्होंने हरित एवं स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक पेड़ लगाने की अपील भी की। विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, आइए हम अपने ग्रह की रक्षा करने और सभी जीवित प्राणियों के लिए स्थिरता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें। हमेशा याद रखें कि प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित किया जाता है।

प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित करते हैं: भूपेंद्र यादव



### प्रदूषण को हराने की प्रतिबद्धता दोहराई

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, अधिक पेड़ लगाकर, प्रदूषण को कम करके, संसाधनों का संरक्षण करके और स्थिरता को अपनाकर ग्रह की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। साथ मिलकर एक हरियाली भरा, स्वस्थ और अधिक उम्मीद भरा भविष्य बना सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सक्रिय नीतियों और जन जागरूकता से प्रदूषण को हराने के लिए प्रतिबद्धता दोहराता है। साथ मिलकर, आइए हम पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करें, जैव विविधता का संरक्षण करें और एक हरियाली भरा, स्वच्छ भविष्य बनाएं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, आइए हम इस पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें- प्लास्टिक प्रदूषण को रोकें, प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाएं।



### कहां जाता है प्लास्टिक कचरा

दुनिया में प्लास्टिक कचरे का सिर्फ नौ प्रतिशत रिसाइकल होता है। 19 प्रतिशत जलाया जाता है और 50 प्रतिशत बड़े बड़े गड्ढों में पहुंचा है। बाकी 22 प्रतिशत अवैध रूप से फेंक दिया जाता है, यानी पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है।

### धरती का घुट रहा है दम

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। जलवायु को नुकसान हो रहा है। इससे नदियों को अवरुद्ध कर समुद्र को प्रदूषित करता है और वन्य जीवन को खतरे में डालता है। अनुमान के मुताबिक विश्व में 11 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा प्रत्येक वर्ष जल से जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र में रिसता है, जबकि कृषि उत्पादों में प्लास्टिक के उपयोग के कारण माइक्रोप्लास्टिक मल-मूत्र और लैंडफिल से मिट्टी में जमा हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### द्वारकाः गोमती नदी में डूबने से 7 की मौत



**अहमदाबाद।** द्वारका में बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा कि द्वारका की गोमती नदी में 7 लोगों की डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में चार युवक और तीन युवतियां हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर डूबते हुए लोगों को बचाने की कोशिश की थी। इस दौरान इस घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

### शर्मिष्ठा को मिली अंतरिम जमानत



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी वाला वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार की गई इंफ्लोएंसर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने पनोली को 10,000 रुपए का जमानत बांड भरने का निर्देश दिया है। इससे पहले पुणे की लॉ छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को सोशल मीडिया पर अपनी विवादित टिप्पणी से जुड़ा वीडियो अपलोड करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है।

### ढाई लाख लोग मुफ्त की एंट्री सोचकर आए थे, कोर्ट में सरकार ने दिया जवाब

# सिद्धारमैया सरकार ने कहा- इस मामले में 'दोषारोपण' के लिए कोई जगह नहीं

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास हुई भगदड़ से संबंधित मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि हमने महाधिवक्ता के समक्ष अपनी बात रखी है। उन्होंने एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है, जिसे रिकॉर्ड में लिया गया है। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस स्वतः संज्ञान को स्वतः संज्ञान रिट याचिका के रूप में पंजीकृत किया जाए।

कोर्ट ने 10 जून, मंगलवार को याचिका को फिर से सूचीबद्ध करने के कहा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि हम सबसे पहले यह अनुरोध करना चाहेंगे कि कोई दोषारोपण न हो। हम केवल तथ्यों को उसी रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं, जैसा कि वे घटित हुए थे। हम कोई प्रतिकूल दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 1000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया था। स्टेडियम की क्षमता 35,000 है। आमतौर पर केवल 30,000 टिकट ही बिकते हैं। इस बार लगभग 2.5 लाख लोग यह सोचकर आए कि प्रवेश निःशुल्क है।

अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी

स्टेडियम की क्षमता 35,000

टिकट बिके 30,000

भीड़ जुटी 2.5



### निःशुल्क प्रवेश की घोषणा से भीड़ बढ़ी

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) शशि किरण शेट्टी ने बताया कि समारोह में निःशुल्क प्रवेश की घोषणा के कारण भारी भीड़ उमड़ी, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को विरोधात्मक तरीके से देखने का इरादा नहीं रखती है, बल्कि यह समझने का प्रयास कर रही है कि चूक कहां हुई ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियां न दोहराई जाएं। महाधिवक्ता ने बताया कि पूरे शहर में सुरक्षा बल तैनात थे, लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर स्थिति अनियंत्रित हो गई। हर व्यक्ति यह सोच रहा था कि बस वह एक और अंदर जा रहा है, जबकि असल में वहां भारी जनसैलाब था।

### याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष रखे 4 प्रश्न

1 इस कार्यक्रम को किसने अधिकृत किया, राज्य सरकार ने या क्रिकेट संघ ने?

2 उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की जिम्मेदारी सरकार की क्यों बनी, जिन्होंने न राज्य का न देश का प्रतिनिधित्व किया?

3 यह कार्यक्रम विधानसौधा और स्टेडियम के बीच क्यों विभाजित किया गया?

4 भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के क्या इंतजाम थे?

### आरसीबी पर एफआईआर दर्ज

कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

### कोर्ट ने कहा एसओपी होनी थी

कोर्ट ने कहा कि ऐसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) होनी चाहिए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि ऐसी जगहों पर एम्बुलेंस और निकटवर्ती अस्पतालों की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। इस पर महाधिवक्ता ने स्वीकार किया कि एम्बुलेंस मौजूद थीं, लेकिन इतनी बड़ी आपात स्थिति के लिए पर्याप्त नहीं थीं। महाधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है और यह 15 दिनों में पूरी हो जाएगी। सभी मौतें और घायल होने की घटनाएं कुल 21 में से केवल तीन गेटों पर हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया, सरकार ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया है और सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं, जिसमें कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी भी शामिल है। हम संभावित चूकों की जांच कर रहे हैं, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जांच अधिकारी ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर लोगों से साक्ष्य और जानकारी साझा करने की अपील की है। सभी गवाहियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और अदालत में पेश की जाएगी। पूरी पारदर्शिता है, कुछ भी छिपाया नहीं जा रहा है।



### महिला ने डिप्टी सीएम से बेटे का शव मांगा

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नम आंखों और रुंधे हुए गले के साथ संवाददाताओं से कहा कि एक मां ने मुझसे अनुरोध किया कि मैं अपने बेटे का शव पोस्टमॉर्टम कराए बिना दे दूं, लेकिन यह एक कानूनी प्रक्रिया थी।

### आरसीबी देगी परिजनों को 10-10 लाख, घायलों के लिए बनेगा कोष

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए 'आरसीबी केयर्स' नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### केएससीए, आरसीबी और पुलिस को जारी किया नोटिस

बंगलूरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच नेतृत्व कर रहे बंगलूरु शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी।

### हरियाणा सरकार के बड़े ऐलान

# जैविक खेती उपज के लिए गुरुग्राम और हिसार बनेंगी मंडियां: नायब

**कहा, प्राकृतिक तथा जैविक खेती के उपज के उचित मूल्य निर्धारण के लिए हरियाणा में एक समिति का किया जाएगा गठन**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने और किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती से उत्पादित गेहूं, धान, दालों आदि उत्पादों के लिए प्राकृतिक तथा जैविक मंडी की स्थापना गुरुग्राम में की जाएगी। साथ ही, प्राकृतिक तथा जैविक खेती से उत्पादित फल, सब्जियों के लिए हिसार में भी प्राकृतिक खेती तथा जैविक मंडी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, प्राकृतिक तथा जैविक खेती के उपज के उचित मूल्य निर्धारण के लिए हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के तहत एक समिति का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित प्राकृतिक खेती सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती की उपज की जांच हेतु प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। ये प्रयोगशालाएं किसानों की फसल की निःशुल्क जांच करेंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि खंड पूंडरी, जिला कैथल में कृषि विभाग की 53 एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को नीलामी के आधार पर पट्टे पर दी जाएगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत में पंचायती भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि या कम से कम एक एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित की जाएगी। यह भूमि केवल भूमिहीन किसानों को नीलामी के माध्यम से दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकारी और पंचायती जमीन पर जो भी किसान प्राकृतिक खेती करेगा, उन किसानों को भी प्राकृतिक खेती योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में कच्चे माल के भंडारण और संस्करण के लिए चार ड्रम की खरीद के लिए 3 हजार रुपए प्रति किसान दिया जाएगा। एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2022 में प्राकृतिक खेती योजना का शुभारंभ किया गया और इसमें लगभग 97 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया और इसे हर वर्ष लगातार बढ़ाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के लिए सरकार ने पोर्टल भी शुरू किया है। अब तक इस पोर्टल पर लगभग 1,84,665 किसानों ने 2,73,955 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कराया है। इसमें से, 17,087 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए 10,550 किसानों का सत्यापन भी किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के अधीन लाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में एक लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक खेती के अधीन लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से अब तक 720 किसान गोष्ठियां, 22 कार्यशालाएं एक राज्यस्तरीय मेले कर अरसरेजल किया गया। इन कार्यक्रमों में 35 हजार से अधिक किसानों ने भाग लिया।

### प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपए की राशि की जाएगी प्रदान: मुख्यमंत्री



लगाए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

# अडानी के नाम पर फिर कांग्रेस ने शुरू किया पीएम मोदी पर हमला, चीन को 'लाल सलाम' ठोकने का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चलाने के लिए फिर से वही पुराना 'अस्त्र' अडानी का नाम इस्तेमाल करने की कोशिशें शुरू कर दी है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डॉ अजॉय कुमार मे पत्रकारों से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अडानी और चीन के सामने 'आत्मसमर्पण' कर दिया है। ये बात अलग है अडानी का 'खटराग' कांग्रेस का बार अलाप चुकी है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मोदी ने न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने, बल्कि अपने पूंजीपति मित्र गौतम अडानी और चीन के सामने भी घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का पूरा सरकारी तंत्र यह सुनिश्चित करता है कि अडानी का व्यवसाय बढ़ता रहे, यहां तक कि विदेशों में भी उनके हितों को अधिक प्रमुखता दी जा रही है। डॉ. अजय कुमार ने केन्या सरकार का उदाहरण दिया, जिसने अमेरिकी अभियोग के बाद अडानी समूह के साथ प्रस्तावित सौदे रद्द कर दिए थे। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं से इसके बारे में पता चला, भारतीय मीडिया ने इसकी बात नहीं की। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका अडानी ग्रुप द्वारा ईरान से एलपीजी आयात करवाने की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक इंसान को बचाने के लिए मोदी सरकार ने पूरे देश को दांव पर लगा दिया है। अगर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए, तो यहां की कंपनियां बंद हो जाएंगी। उन्होंने पूछा कि क्या नरेंद्र मोदी के लिए एक आदमी इस देश के भविष्य से बड़ा हो गया है? डॉ. अजय कुमार ने भारत सरकार द्वारा हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए निकाले गए टेंडर का उल्लेख किया, जिसमें लिखा था कि एयरपोर्ट संचालन का कोई पूर्व अनुभव आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ एक आदमी को टेंडर देने के लिए किया गया। अहमदाबाद, मंगलुरु, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट अडानी को सौंप दिए गए।

चीन के सामने प्रधानमंत्री मोदी के सरेंडर का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी चीन को 'लाल आंख' दिखाने के बजाय उसे 'लाल सलाम' देने की नीति अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हालिया संघर्ष में चीन द्वारा हथियारों और मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान को की गई मदद का कभी उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की चीन की योजना पर चिंता व्यक्त की, जिससे उत्तर-पूर्व की स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि आखिर नरेंद्र मोदी ने अडानी और चीन के सामने सरेंडर क्यों कर दिया है और देश के हितों को खतरे में क्यों डाल दिया है?

### बोतलबंद पानी, नमकीन समेत बिजनेस क्लास में हवाई यात्रा समेत कई वस्तुएं और सेवाएं हो सकती है सस्ती

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में12 फीसदी टैक्स स्लैब हटाने का हो सकता है फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की संरचना को और सरल बनाने के लिए जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में 12 फीसदी टैक्स स्लैब को हटाने पर विचार कर सकती है। यह बैठक जून के अंत या जुलाई के पहले सप्ताह में होने की संभावना है। इस कदम का उद्देश्य मौजूदा चार-स्लैब (5, 12, 18, और 28 फीसदी) प्रणाली को तीन-स्लैब प्रणाली में बदलना है, ताकि कर-संरचना को सरल और प्रभावी बनाया जा सके। इस प्रस्ताव को केंद्रीय और राज्य सरकारों के अधिकारियों, विशेषज्ञों, और मंत्रियों के समूह (जीओएम) के अधिकांश सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि आवश्यक वस्तुओं (जैसे मसाले, केरोसिन, और कुछ खाद्य उत्पाद) को 5 फीसदी स्लैब में डालने की संभावना है, जिससे संबंधित वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं। गैर-आवश्यक या अर्ध-आवश्यक वस्तुएँ (जैसे डिटर्जेंट, प्लास्टिक उत्पाद, और कॉन्टैक्ट लेंस) 18 फीसदी स्लैब में जा सकती हैं, जिससे इनके दाम बढ़ सकते हैं। सूत्रों ने दावा किया कि जीओएम ने 12 फीसदी स्लैब को हटाने के प्रस्ताव पर लगभग सहमति बनाई है, और यह सुझाव काउंसिल के सामने रखा जाएगा। विदित हो कि पंद्रहवें वित्त आयोग (अध्यक्षः एन.के. सिंह) ने भी चार-स्लैब से तीन-स्लैब संरचना में बदलाव की सिफारिश की थी।

### 12 फीसदी स्लैब में शामिल वस्तुएँ और सेवाएं

**वस्तुएँ:** कंडेंस्ड मिल्क, कैवियार, 20-लीटर पैकेज्ड पेयजल, वॉकी-टॉकी, कॉन्टैक्ट लेंस, चीज़, खजूर, सूखे मेवे, जमे हुए सब्जियाँ, सॉसेज, पास्ता, जैम, जेली, नमकीन (जैसे भुजिया), मेयोनीज, टूथ पाउडर, फीडिंग बोतलें, कालीन, छाते, साइकिल, जूट/कपास के हैंडबैग, 1,000 रुपये से कम कीमत के जूते, डायग्नोस्टिक किट, और मार्बल/ग्रेनाइट ब्लॉक।

**सेवाएँ:** कुछ निर्माण कार्य, 7 हजार 500 रुपए तक के होटल रूम, गैर-इकोनॉमी क्लास में हवाई यात्रा, मल्टीमॉडल परिवहन, और कुछ पेशेवर/तकनीकी सेवाएँ।

### जीएसटी राजस्व की स्थिति

वित्त वर्ष 2024-25 में जीएसटी राजस्व में 9 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई, जो 20.18 लाख करोड़ रुपए (2023-24) से बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपए हो गया। अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए और मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए का संग्रह हुआ, जो जीएसटी संग्रह की मजबूती को दर्शाता है। इस मजबूत राजस्व संग्रह के कारण सरकार को दरों के युक्तिकरण की दिशा में कदम उठाने का भरोसा है। बहरहाल, जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में 12 फीसदी टैक्स स्लैब को हटाने का प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो कर संरचना को सरल बनाएगा और अनुपालन को आसान करेगा। इससे कुछ आवश्यक वस्तुएँ सस्ती हो सकती हैं, जबकि अन्य गैर-आवश्यक वस्तुएँ महँगी हो सकती हैं। यह निर्णय राजस्व तटस्थता को बनाए रखने के लिए सावधानीपूर्वक लिया जाएगा, और काउंसिल की सर्वसम्मति आवश्यक होगी।

## खबर संक्षेप

### पावर ग्रिड ने एमईएल पावर का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बृहस्पतिवार को पीएफसी कंसल्टिंग से एक विशेष उद्देश्य के लिए बनायी गई इकाई एमईएल पावर ट्रांसमिशन का अधिग्रहण करने की घोषणा की। इसमें 558 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की अनुषंगी कंपनी है।

### प्रॉक्टर एंड गैम्बल का लाभ 31% बढ़कर 61 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैम्बल हेल्थ लि. का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 61 करोड़ रुपये रहा। पीएंडजी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च तिमाही में कंपनी की बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 304 करोड़ रुपये रही है। ब्रांड निर्माण गतिविधियों और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला व बाजार पहुंच क्षमताओं के कारण उसका प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

### राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने चलाया पौध रोपण अभियान

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया।(एनजीटी के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने अधिकरण के अन्य सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में इस पहल की अगुवाई की)इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना थीम के तहत इस समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक - प्लास्टिक कचरे से निपटने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया गया है। माननीय न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में पारिस्थितिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में न्यायिक और संस्थागत नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रियल एस्टेट के शीर्ष निकाय क्रेडाई व नारेडको का कहना

# रियल एस्टेट कंपनियों को रेपो दर में कम से कम 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जतायी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को बैठक के फैसले की घोषणा करेंगे। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी।"उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती होनी चाहिए।

**रेपो रेट में कटौती से मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी**







#### तीन माह से आवास की मांग धीमी

पटेल ने कहा, "पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।"

#### रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण चालक

नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

#### मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना होगा आसान

अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, "आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है, तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा। मासिक किस्त कम होगी तो लोगों के लिए निर्णय लेना भी आसान होगा। इससे बाजार में फ्लैट की मांग में वृद्धि आ सकती है।"

#### विभिन्न क्षेत्रों को राहत मिलेगी

कृष्णा समूह और कृसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने कहा, "आरबीआई ने अपनी पिछली नीति समीक्षा बैठक में उदार रुख अपनाया था और उम्मीद है कि हम फिर से कटौती देखेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को और राहत मिलेगी।"

#### एक फीसदी कटौती भी काफी बचत दिला सकती है

एआरआईपीएल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कौशिक ने कहा, "रेपो दर में केवल एक प्रतिशत की कटौती भी 20 साल के आवास ऋण पर ग्राहकों को अच्छी-खासी बचत दिला सकती है। यह बचत घर खरीदारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन बनती है। इससे न केवल वे तेजी से निर्णय लेते हैं, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में उनका भरोसा भी मजबूत होता है।

## कैंटाबिल ने रायपुर में नया स्टोर खोलकर अपने रिटेल बिजनेस का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** नए स्टोर में पुरुषों और महिलाओं के लिए परिधानों की विशाल रेंज का प्रदर्शनभारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने रायपुर में अपने नए खुदरा स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। 1797 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर रायपुर, (छत्तीसगढ़) में मेन रोड पर कटोरा तालाब (सामने रतन प्लेस) स्थित है, जो ब्रांड की विस्तार यात्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।पुरुषों और महिलाओं के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल वियर और पार्टी-वियर कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल ने खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कैंटाबिल ने देशभर में 600+ स्टोर खोलकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिसने फैशन उद्योग में एक नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। इस रोमांचक लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा-'हम रायपुर में पुरुषों और महिलाओं के नए एक्सक्लूसिव स्टोर को पेश करते हुए रोमांचित हैं।

## एचआर के दिग्गज गलगोटिया में आयोजित ऐतिहासिक सम्मेलन में हुए एकजुटः परिसंवाद 2.0 ने स्थापित किए नए बेंचमार्क

**नोएडा।** विचार नेतृत्व और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत एक और बेंचमार्क स्थापित करते हुए गलगोटिया युनिवर्सिटी ने अपने महत्वपूर्ण सम्मेलन परिसंवाद के दूसरे संस्करण का आयोजन किया, जिसमें देश भर से प्रभावशाली एचआर लीडरों, व्यापक रणनीतिज्ञों एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन ने शुरूआती करियर के अनुभव को परफोर्मेन्स उन्मुख यात्रा में बदलने के लिए चर्चा हेतु मंच उपलब्ध कराया। चर्चा के दौरान उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार अकादमिक लर्निंग तथा नई पीढ़ी के कार्यबल की महत्वाकांक्षाओं एवं मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर–I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली–110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का पूरा नाम | उत्तर रेलवे की सीएओ निर्माण (आरएसपी) इकाई के अंतर्गत लखनऊ और मुरादाबाद मंडलों में आरओबी/आरयूबी कार्य के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) |
| लगभग कार्य की लागत | ₹20,31,95,247.16 (रुपये बीस करोड़ इकतीस लाख पचानवे हजार दो सौ सैंतालीस और सोलह पैसे मात्र) |
| बयाना राशि | ₹11,66,000/- (रुपये ग्यारह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने की अवधि |
| रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 04.06.2025 से 04.07.2025 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबासइट पर 04.07.2025 को 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.07.2025 को प्रातः 11:30 बजे के बाद किसी भी समय |

सं.: 11/W/09/2025/WA/Dy. CE/C/RSP दिनांक: 04.06.2025 1660/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या 46245074A के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नामः SUPPLY OF ELECTRICAL INTER VEHICULAR COUPLER ASSEMBLY FOR 12 CAR MEDHA (MAE675V2)AC EMU RAKES CONSISTING OF END BASIC UNIT-1, END BASIC UNIT-2, MIDDLE BASIC UNIT 1 & MIDDLE BASIC UNIT-2 IV COUPLERS EXCLUDING (WITHOUT) JUMPER P AS PER ANNEXURE ATTACHED. (M/S HUBBER AND SUHNER OR M/S HARTING ONLY) | |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 1,04,47,720/– |
| 3. | मात्रा | 01 Set |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समयः | 30-06-2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 30-06-2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणीः (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं. 46245074A दिनांक :– 23.05.2025 1660/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पावरग्रिड ने एमईएल पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण किया

**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत महारत्न पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने मध्य प्रदेश में महन एनर्जेन लिमिटेड जनरेशन स्टेशन से **BOOT** आधार पर बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम स्थापित करने हेतु 558 करोड़ रुपये (एनसीटी अनुमान) की लागत से 'एमईएल पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड' परियोजना एसपीवी का अधिग्रहण किया है। इस परियोजना में मध्य प्रदेश में मौजूदा रीवा पूलिंग स्टेशन (पावरग्रिड) पर 400 के.वी. डी/सी ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित बे की स्थापना शामिल है और यह मध्य प्रदेश के महन एनर्जेन लिमिटेड (2x600 मेगावाट) जनरेशन स्टेशन से विद्युत की विश्वसनीय निकासी सुनिश्चित होगी। दिनांक 31मई 2025 तक, पावरग्रिड द्वारा 5,64,961 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले 283 सब-स्टेशन और 1,80,239 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों को कमीशन कर संचालित किया जा रहा है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के बेहतर उपयोग के साथ, पावरग्रिड ने लगातार 99.85% से अधिक ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी है।

## केवीआईसी ने पीएमईजीपी के अंतर्गत 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की



**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की गई। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन केवीआईसी से सम्पन्न हुआ, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि के साथ ही केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवितरण कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने एक बयान में कहा, ३प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में पीएमईजीपी योजना ने आज भारत में स्व-रोजगार का एक मजबूत और प्रभावी आधार तैयार किया है। खादी और ग्रामोद्योग आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपनों का सार है।

## रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन करते हुए 22 मई से 5 जून तक पंद्रह दिवसीय विशेष अभियान चलाया। इस वर्ष की थीम ३प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें३ के अंतर्गत भारतीय रेल के सभी जोन, मंडल, स्टेशन और कार्यालयों में जन-जागरूकता की विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अभियान में रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों, आम नागरिकों और अन्य साझेदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्लास्टिक कचरे का आकलन, कचरे को अलग-अलग प्रकारों में छाँटना, प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की स्थिति की समीक्षा, स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रयास, तथा प्लास्टिक उपयोग में कमी हेतु जागरूकता प्रसार जैसे कदम शामिल थे।5 जून को पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प दिलाया गया।

## विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 444 अंक चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 130.70 अंक बढ़कर 24,750.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हालांकि बाजार में ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली होना लाजिमी है लेकिन सूचकांक मजबूती के बीच अपनी खोई हुई चमक पाने की कोशिश कर रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि जापान का निक्की 225 नुकसान में रहा।

## मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना हुआ सस्ता

**मुंबई।** सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मोनू पुत्रः** जगदीश प्रसाद, **पताः** वेगाबॉड अशोक नगर शाहदरा, दिल्ली **FIR No. 345/2019, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोनू, FIR No. 345/2019, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. जी–06 न्यू कोर्ट बिल्डिंग,
शाहदरा जिला कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7114/NE/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## चांदी 2,000 रुपए उछलकर 1.04 लाख रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के अनुरूप सोने की कीमतों में भी 430 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोना और चांदी में लगातार चौथे सत्र में मजबूती रही। स्थानीय बाजारों में चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी की कीमत नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी को उच्च औद्योगिक मांग, मुद्रास्फीति जोखिम से बचाव के रुख और सीमित वैश्विक आपूर्ति आदि से समर्थन मिला। इससे पहले, 19 मार्च को चांदी ने अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 430 रुपये बढ़कर 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

## होटल उद्योग पर सही जानकारी देगा एआई 'नमस्ते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया।

**संचालन के तरीके को बदला जा सकेगा** : इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो। आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा। 'नमस्ते जीपीटी' परियोजना से जुड़े लोगों का कहना है कि यह इंटरनेट की व्यापक दुनिया से सूचनाएं जुटाने की जगह विशिष्ट संस्थानों एवं पेशेवर निकायों से जुटाए गए।

#### नमस्ते जीपीटी सामान्य चैटजीपीटी से अलग

बोस ने दावा किया कि 'नमस्ते जीपीटी' सामान्य चैटजीपीटी और अन्य एआई मंचों से अलग है क्योंकि यह विशेष रूप से केवल आतिथ्य-आधारित सवालों के ही जवाब देता है और इसकी जानकारी 'प्रामाणिक' है। 'नमस्ते जीपीटी' फिलहाल सार्वजनिक पंजीकरण के लिए नहीं खुला है। लेकिन आतिथ्य शिक्षा उद्योग के प्रमुख हितधारकों और सदस्यों को धीरे-धीरे इसकी पहुंच मुहैया कराई जाएगी।


■ आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | श्रम दरों पर 2 वर्ष (दरें जीएसटी सहित हैं) और एक वर्ष निःशुल्क के लिए स्ट्रीट लाइट सिस्टम का रखरखाव और 3 वर्ष के ऑन/ऑफ प्रचालन सहित निःशुल्क सभी मद के लिए 3 वर्ष के डीएलपी तथा ट्रांसफॉर्मर की 6 वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत। सेक्टर-10, बहादुरगढ़ में 200 केवीए टी/एफ, एचटी लाइन और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 78.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrib@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35398/1/88/7 दि. 05.06.25

### शब्द पहेली - 5889



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5888 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |



### प्रदेशभर से 54 टीमें दिखा रही दमखम, 7 जून को होगा समापन

# दूसरे दिन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से राजीव गांधी खेल परिसर स्थित साई सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दूसरे दिन वीरवार को लड़के, लड़कियों के वर्ग में रोचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों में पूरा जोश देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संदीप मौर ने बताया कि इसमें प्रदेश भर के हर जिले से करीब 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहें हैं। दोनों वर्गों की 27-27 टीमें बनाई गई हैं। प्रतियोगिता का समापन 7 जून को किया जाएगा। मुकाबलों को देखकर इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ रिंग में उतरे हैं।







## दोनों वर्गों की 27-27 टीमें बनाई, 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहे

### लड़कियों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| गुंजन | हिसार |
| भूमि | रोहतक |
| राखी | भिवानी |
| निश्चल | पंचकुला |
| **48 किलोग्राम** | |
| चक्षू | जींद |
| जिया | पानीपत |
| साक्षी | रेवाड़ी |
| नेंसी | कैथल |
| **50 किलोग्राम** | |
| मानवी | केपीएल |
| महक | कुरुक्षेत्र |
| अन्नु | हिसार |
| काफी | भिवानी |
| **52 किलोग्राम** | |
| सिरमन | जींद |
| खुशिका | हिसार |
| स्नेहा | कुरुक्षेत्र |
| कुदरत | भिवानी |
| **54 किलोग्राम** | |
| स्नेहा | पंचकुला |
| दीक्षा | चरखीदादरी |
| प्रीति | कुरुक्षेत्र |
| अंजली | हिसार |
| **57 किलोग्राम** | |
| परिकुंतल | फरीदाबाद |
| साक्षी | हिसार |
| यशिका दहिया | सोनीपत |
| फरेया मेहता | पलपल |
| **60 किलोग्राम** | |
| चाहत | फरीदाबाद |
| तरुणा | साईएच |
| समायरा | सिरसा |
| तन्नू | मेवात |
| **63 किलोग्राम** | |
| हिमांशी | भिवानी |
| तन्नू संधू | कैथल |
| दिया | साईबी |
| आक्षी | झज्जर |
| **66 किलोग्राम** | |
| माही | साईएच |
| प्रिया | साईबी |
| खनक | पानीपत |
| यशिका | रोहतक |
| **70 किलोग्राम** | |
| वंशिका | पानीपत |
| प्रिया | कैथल |
| सम्भवी | रोहतक |
| हिमांशी | गुरुग्राम |
| **75 किलोग्राम** | |
| ज्योति | रेवाड़ी |
| रितूजा | झज्जर |
| संध्या | रोहतक |
| **80 किलोग्राम** | |
| अंशिका | चरखदादरी |
| अनुशका | सोनीपत |
| कीर्तिका | भिवानी |
| भूमिका | गुरुग्राम |

### लड़कों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| समीर | करनाल |
| उदय सिंह | चंडीगढ़ |
| नीतिन | झज्जर |
| आरनव | रोहतक |
| **48 किलोग्राम** | |
| फलक | सोनीपत |
| धीरज | रोहतक |
| नवीन | साईएच |
| विराज | गुरुग्राम |
| **50 किलोग्राम** | |
| वंश | गुरुग्राम |
| अंशु | पानीपत |
| अभिनव | साईएच |
| **52 किलोग्राम** | |
| वंश | पानीपत |
| हर्षित | हिसार |
| आदित्य | साईबी |
| मयंक | करनाल |
| **54 किलोग्राम** | |
| समीर | कैथल |
| आशु | सोनीपत |
| आशीष | सोनीपत |
| कुलजीत | भिवानी |
| **57 किलोग्राम** | |
| ईशांत | हिसार |
| रितेश | फरीदाबाद |
| नैतिक | रोहतक |
| **60 किलोग्राम** | |
| मोहित | महेंद्रगढ़ |
| सावन | भिवानी |
| शिवम | करनाल |
| गौरव | रोहतक |
| **63 किलोग्राम** | |
| शिवसागर | कैथल |
| विशाल | झज्जर |
| आर्यन | साईबी |
| आर्नव | यमुनानगर |
| **66 किलोग्राम** | |
| कुनाल | सोनीपत |
| नैतिक | गुरुग्राम |
| निखिल | कुरुक्षेत्र |
| **70 किलोग्राम** | |
| रितेश | कुरुक्षेत्र |
| ओमप्रकाश | रेवाड़ी |
| **75 किलोग्राम** | |
| आर्यन | पानीपत |
| कुनाल | गुरुग्राम |
| आर्यन | हिसार |
| कार्तिक | सोनीपत |
| **80 किलोग्राम** | |
| दक्ष | रोहतक |
| देवांश | हिसार |
| सुमित | झज्जर |
| परमीत | पानीपत |
| **80 से ज्यादा-किलोग्राम में** | |
| अमन | साईबी |
| आयुष | सोनीपत |
| शिवोम | भिवानी |
| चिरागदीप | कैथल |

## खबर संक्षेप



### थाईलैंड ने मैत्री मैच में भारत को 2-0 से हराया

**बैंकॉक।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाइलैंड से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आठवें मिनट में बेन डेविस के गोल करने के बाद भारत के पास वापसी करने के लिए कोई मौका नहीं बचा। भारत यह मैच 0-2 से हार गया। यह मैच अंतरराष्ट्रीय पथुम थानी के रंगसिट में थम्मासैट स्टेडियम में खेला गया।

### अगले आईपीएल में करुंगा बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था। इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।



### पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था।



### दिल्ली चेस में 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपए होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे।

### भारतीय ए टीम और इंग्लैंड लायंस के बीच होगा मुकाबला

# गिल-सुदर्शन की एंट्री, राहुल करेंगे रनों की बारिश, आज से दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल और साई सुदर्शन से लेकर केएल राहुल जैसे बड़े सितारे शुक्रवार से इंग्लैंड की सरजमीं पर एक्शन में दिख सकते हैं। भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज वैसे तो 20 जून से शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले इंडिया-ए बनाम इंग्लैंड लायंस दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच 6 जून से खेला जाएगा। बता दें कि दोनों टीमों का पहला मैच रद्द हो गया था, जिसमें इंडिया-ए के लिए करुण नायर ने 204 रनों की शानदार पारी खेली थी। अब जानिए दूसरे फर्स्ट-क्लास मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन कैसी दिख सकती है?

अभिमन्यू ईश्वरन टीम की कप्तानी कर रहे होंगे, जो पहले मैच में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। केएल राहुल पुष्टि कर चुके हैं कि वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहने वाले हैं। राहुल को इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में भी स्थान मिला है, जिन्हें ओपनिंग के विकल्प के तौर पर भी देखा जा रहा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ यशस्वी जायसवाल पहली पारी में फेल हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 64 रन बना डाले थे।



### गिल-साई टीम में शामिल

*आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन को भी इंडिया-ए टीम में जगह मिली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 759 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टेस्ट टीम के नवनिर्वाचित कप्तान शुभमन गिल भी दूसरे मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। गिल, आईपीएल 2025 में 650 रन बनाकर आ रहे हैं। नितीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल ने दूसरी पारी में क्रमशः नाबाद 52 और 53 रनों की पारी खेली थी।*

#### बाहर बैठेंगे नायर

पहले मैच में डबल सेंचुरी बनाने वाले करुण नायर टीम से बाहर बैठ सकते हैं, जिन्हें पहले मैच में अपना खेल दिखाने के लिए काफी समय मिला था। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के मद्देनजर नायर की जगह केएल राहुल को देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा गेम-टाइम देने का प्रयास किया जा सकता है।

**इंडिया-ए टीम :** अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे/तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### टेस्ट : टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी, इंग्लैंड टीम का ऐलान

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है। टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है।

#### भारत के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2-6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई | लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई - 4 अगस्त | लंदन |

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

### क्रिकेट

# बल्लेबाजी पर काम करना बतौर कप्तान आसान नहीं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए।

विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरुआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में कुछ काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता।'' उन्होंने कहा कि भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है । दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे।

### डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से मिल सकता है राजस्व

**नई दिल्ली।** अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्लूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्लूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।'

### यह भयावह त्रासदी...

# बेंगलुरु भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। सभी को सुकून और शक्ति मिले।' दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा, 'चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच और बेंगलुरु के रहने वाले अनिल कुंबले ने इसे क्रिकेट के लिए दुखद दिन करार दिया। उन्होंने लिखा, 'क्रिकेट के लिए दुखद दिन।

आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।' युवराज सिंह ने लिखा, 'जश्न का पल अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। बेंगलुरु हादसे से प्रभावित हर एक के प्रति मेरी संवेदना। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवार को शक्ति।'

## गनीमत चयन ट्रायल में 166 अंक के स्कोर से बनी शीर्ष भारतीय



**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाए। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाए। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 60 में से 58 अंक हासिल किए। महिला वर्ग में राजस्थान की दर्शना राठौर ने 60 में से 50 अंक के साथ खिताब जीता।

## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।



**मिश्रित युगल जोड़ी को मिली हारः** भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### गुवाहाटी में होने वाले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान होगा परीक्षण

# टीम रिले प्रारूप, नई स्कोरिंग प्रणाली को परखेगा बीडब्लूएफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैडमिंटन विश्व महासंघ गुवाहाटी में होने वाले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान परीक्षण और विश्लेषण कार्यक्रम के तहत मिश्रित टीम स्पर्धा में नयी स्कोरिंग प्रणाली के साथ-साथ 15 अंको वाले तीन गेम प्रारूप का आकलन करेगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन असम की राजधानी स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में होगा। टीम चैंपियनशिप छह से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएं 13 से 19 अक्टूबर तक होंगी। बीडब्लूएफ और भारतीय बैडमिंटन संघ प्रतियोगिता को अधिक रोमांचक बनाने के साथ वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए दो नए प्रारूपों की शुरुआत करेंगे। मिश्रित टीम टूर्नामेंट में पुनः संशोधित रिले प्रारूप लागू किया जाएगा जिसमें 45 अंक हासिल करने तक 'बेस्ट ऑफ थ्री सेट' प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे। प्रत्येक सेट में पांच मुकाबले होंगे। इसमें पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले शामिल है। बीडब्लुएफ के महासचिव थॉमस एल ने कहा, 'हम बैडमिंटन में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बीएआई, गुवाहाटी और बीडब्लूएफ की प्रगतिशील और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दूरदर्शी चैंपियनशिप पेश करके खुश हैं।'




#### मुकाबले में तीन सेट होंगे तथा प्रत्येक सेट में पांच मैच

*बीडब्लयूएफ व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 15 अंको के तीन गेम स्कोरिंग प्रारूप का परीक्षण करेगा। टीम रिले प्रारूप के अनुसार प्रत्येक मुकाबले में तीन सेट होंगे तथा प्रत्येक सेट में पांच मैच होंगे। प्रत्येक मुकाबले तब जीता जाएगा जब कोई खिलाड़ी या जोड़ी नौ अंक हासिल कर ले। दूसरा मुकाबला उसी स्कोर से शुरू होगा जिस पर पहला मैच समाप्त हुआ था और खेल तब तक जारी रहेगा जब तक कि कोई एक टीम 45 अंक तक नहीं पहुंच जाती। इसी प्रकार दो और सेट खेले जाएंगे तथा तीन में से दो सेट जीतने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।*




नौगाम, पांपोर, अवंतीपोरा, अनंतनाग, काजीगुंड और बनिहाल सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं। यात्रियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर जांच की जा रही है। रेलवे पुलिस (जीआरपी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक इकाइयों की टीमें संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं।



उद्घाटन से पहले श्रीनगर-बनिहाल रेल ट्रैक पर सुरक्षा करते सुरक्षाकर्मी।

वंदे भारत के स्वागत को तैयार घाटी

# आसमान से जमीन तक सुरक्षा हुई चाक-चौबंद हर हरकत पर ड्रोन और सीसीटीवी की पैनी नजर



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

पीएम नरेंद्र मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा और श्रीनगर-बनिहाल रेल कॉरिडोर के उद्घाटन से पहले सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटी में कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। वंदे भारत ट्रेन के संचालन से पहले या उस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे ट्रैक और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। रेलवे स्टेशनों से लेकर रेलवे ट्रैक तक जवानों की तैनाती कर दी गई है और नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। मल्टी-टियर सुरक्षा प्रणाली के तहत जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। एसएसपी रेलवे कश्मीर वसीम कादरी ने बताया कि नौगाम से बनिहाल तक पूरे रूट पर तीन स्तरीय सुरक्षा लागू की गई है। पूरे रेल मार्ग पर व्यापक सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

**नौगाम से बनिहाल तक पूरे रूट पर तीन स्तरीय सुरक्षा लागू**

**रेलवे स्टेशनों से लेकर रेलवे ट्रैक तक जवानों तैनाती की गई**

### कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटा प्रशासन

*स्टेशन से लेकर कटड़ा स्टेडियम तक के मार्ग को भी पूरी तरह से व्यवस्थित किया जा रहा है। दोनों ओर बैरिकेडिंग करने के लिए लोहे के पोल लगाए जा रहे हैं और उन पर रंग-बिरंगे होर्डिंग्स और बैनर लगाए जा रहे हैं जिन पर 'नया जम्मू-कश्मीर नया भारत' लिखा है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन, रेलवे के अधिकारी, सुरक्षा एजेंसियां और आयोजन समिति के बीच लगातार बैठकें हो रही हैं।*



### रेलवे ट्रैक के आसपास सघन तलाशी

सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, सेना द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक के आसपास सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। अचानक घेराबंदी कर संदिग्ध गतिविधियों की तलाश की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में नाके लगाकर लोगों और वाहनों की तलाशी ली जा रही है। बता दें, श्रीनगर-बनिहाल रेल लिंक रणनीतिक रूप से बेहद अहम है और अतीत में भी इस क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता रही है।

### खोजी कुत्ते और बम निरोधक दस्ते तैनात

सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए ट्रैक और प्लेटफार्मों की निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। साथ ही खोजी कुत्तों और बम निरोधक दस्तों को भी तैनात किया गया है। सभी एजेंसियों के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिए मॉक ड्रिल और समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

### सजधज कर स्वागत को तैयार धर्मनगरी कटड़ा

*धर्मनगरी कटड़ा सजधज कर तैयार होने लगी है। पीएम मोदी का मुख्य कार्यक्रम यहीं होना है। इस ऐतिहासिक क्षण को भव्य बनाने के लिए शासन-प्रशासन भी कमर कसे हुए हैं। रेलवे स्टेशन को सजाने-संवारने का काम युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे स्टेशन पर बने आयोजन स्थल के भीतर सुरक्षा कारणों से किसी को जाने की इजाजत नहीं है। स्टेशन के मुख्य भवन को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और पारंपरिक कश्मीरी डिजाइन से सजाया जा रहा है। प्लेटफॉर्म की सफाई और मरम्मत के साथ-साथ यात्रियों के लिए सुविधाएं भी उन्नत की जा रही हैं।*



### हर प्लेटफार्म पर ली जा रही तलाशी

*हर प्लेटफार्म पर तलाशी बढ़ा दी गई है और सुरक्षाकर्मी पूरी तरह सतर्क हैं। नौगाम, पांपोर, अवंतीपोरा, अनंतनाग, काजीगुंड और बनिहाल सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं। यात्रियों के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर जांच की जा रही है। रेलवे पुलिस (जीआरपी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक इकाइयों की टीमें संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं।*

---

यह विमान के इस अहम भाग के फ्रांस से बाहर उत्पादन करने का पहला मौका होगा

# डेसॉल्ट-टाटा एडवांस सिस्टम 2028 से भारत में बनाएंगे राफेल विमानों का 'मुख्य भाग'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विमानन क्षेत्र की फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन और टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड (टीएएसएल) संयुक्त रूप से वर्ष 2028 से भारत में राफेल लड़ाकू विमानों का मुख्य भाग यानी फ्यूजलेज को बनाएंगे। यह पहला ऐसा मौका होगा। जब विमान की वास्तविक निर्माता कंपनी डेसॉल्ट एविएशन जंगी विमान के इस अहम भाग का फ्रांस से बाहर किसी दूसरे देश में उत्पादन करेगी। इस कवायद को पूरा करने के लिए डेसॉल्ट और टीएएसएल ने चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एक ऐसी भागीदारी होगी, जो न केवल भारत सरकार के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन को भी सहयोग प्रदान करेगी। टीएएसएल ने एक बयान में यह जानकारी दी। वहीं, डेसॉल्ट एविएशन के सीईओ और अध्यक्ष एरिक ट्रेपीर ने कहा कि हम पहली बार फ्रांस से बाहर राफेल विमान के मुख्य भाग का उत्पादन कर रहे हैं। ये भारत में हमारी सप्लाई चेन को मजबूती प्रदान करने वाला एक निर्णायक कदम है।

**हैदराबाद में बनेगी आधुनिक सुविधा:** स्वदेशी कंपनी ने बताया कि इस भागीदारी के तहत टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड हैदराबाद में अत्याधुनिक सुविधा स्थापित करेगी। जिसमें राफेल विमानों के मुख्य भाग का उत्पादन किया जाएगा। विमान के मुख्य भाग में चालक दल और कार्गो वाला हिस्सा आता है। उल्लेखनीय है कि दोनों कंपनियों ने एक ऐसे मौके पर हाथ मिलाया है। जब फ्रांसीसी कंपनी भारत के मेगा लड़ाकू विमान कार्यक्रम के तहत एक बड़ी प्रतिभागी के रूप में सामने है। इस कार्यक्रम के तहत भारतीय वायुसेना के लिए 114 नए लड़ाकू विमानों (मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट, एमआरएफए) की खरीद होनी है। 2019 में वायुसेना ने इस संबंध में आरएफआई निकाली थी। जिसमें अनुमानित कीमत 18 बिलियन डॉलर बताई गई थी। करीब एक महीना पहले भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए कुल करीब 64 हजार करोड़ रुपए के एक अंतर सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये विमान भारतीय नौसेना को सौंपे जाएंगे।





### यूं आगे बढ़ेगी उत्पादन प्रक्रिया

*टीएएसएल ने बताया कि विमानों का पहला मुख्य भाग वित्त वर्ष-2028 में बनकर तैयार होने की संभावना है। इसके बाद सुविधा से हर महीने दो पूरी तरह से तैयार मुख्य भाग मिलने की उम्मीद है। डेसॉल्ट के सीईओ ने कहा कि यह सप्लाई चेन राफेल को सफलता के साथ आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी और गुणवत्ता व प्रतिस्पर्धा जैसी आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक एस.सिंह ने कहा कि दोनों कंपनियों की यह भागीदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक सराहनीय कदम की तरह से है। विमान के मुख्य भाग का स्वदेश में उत्पादन कंपनी की क्षमता और डेसॉल्ट के साथ हमारे गहरे और मजबूत होते सहयोग को दर्शाता है। इससे देश में एक आधुनिक एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम की स्थापना में भी उल्लेखनीय प्रगति होगी। जो वैश्विक प्लेटफार्म को भी सहयोग प्रदान करेगा। डेसाल्ट एविएशन के साथ हमारी भागीदारी का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय एयरोस्पेस सप्लाई चेन में भारत को एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी की भूमिका में स्थापित करना है।*

---

# एनआईए की जम्मू-कश्मीर में दर्जनों ठिकानों पर रेड, कई उपकरण जब्त



आतंकवाद के खिलाफ बड़ा एक्शन

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

एनआईए ने एक आतंकी साजिश मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2022 में दर्ज मामले के संबंध में प्राप्त विशेष इनपुट के आधार पर गुरुवार तड़के से केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी चल रही है। पुलवामा, कुलगाम, शोपियां, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में छापे मारे गए।

### आतंकी नेटवर्क को खत्म करना उद्देश्य

छापेमारी में उत्तरी कश्मीर के सोपोर बारामुल्ला भी शामिल है। सोपोर के बादामीबाग इलाके में छापेमारी की गई। ये छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के सिलसिले में की गई। इन तलाशियों का उद्देश्य जम्मू प्रांत में आतंकी नेटवर्क को खत्म करना और स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर और ओवरग्राउंड वर्कर्स को लामबंद करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की योजनाओं को विफल करना है।

### पाक में बैठे आतंकी हैंडलरों के साथ था संपर्क

*जांच एजेंसी ने इस दौरान किसी को गिरफ्तार या पूछताछ के लिए औपचारिक तौर पर हिरासत में तो नहीं लिया था। लेकिन पांच लैपटाप, लगभग डेढ़ दर्जन मोबाइल फोन और कुछ अन्य डिजिटल उपकरण व वित्तीय लेन-देन से संबंधित कुछ दस्तावेज जब्त किए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के घरों की तलाशी ली गई, उनमें एक अध्यापक, एक छात्रा के अलावा कुछ कारोबारी भी शामिल हैं। ये सभी फोन व अन्य माध्यमों से गुलाम जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में बैठे आतंकी हैंडलरों के साथ संपर्क में थे।*

---

*चीन-अमेरिका के बीच टैरिफ पर बन सकती है सहमति*

# डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को किया फोन, व्यापार शुल्क पर की बातचीत

■ कहा- चीन के राष्ट्रपति शी पसंद हैं और मैं हमेशा उन्हें पसंद करूंगा, लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ समझौता करना बेहद कठिन है!



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को फोन पर बातचीत हुई। यह बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब दोनों देशों के बीच व्यापार शुल्क (टैरिफ) को लेकर बातचीत लंबे समय से अटकी हुई है और इसका असर वैश्विक व्यापार पर भी साफ देखा जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस फोन वार्ता की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कॉल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से की गई थी। हालांकि, व्हाइट हाउस की तरफ से इस पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं की गई।

### व्यापार वार्ता में रुकावट

दरअसल, अमेरिका और चीन के बीच 12 मई को एक समझौता हुआ था जिसमें दोनों देशों ने व्यापार शुल्क कम करने पर सहमति जताई थी ताकि आगे बातचीत की गुंजाइश बनी रहे। लेकिन उसके बाद से ही वार्ता में गतिरोध आ गया। इसके पीछे की बड़ी वजह दोनों देशों के बीच चल रही आर्थिक प्रतिस्पर्धा है। ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे चीन के राष्ट्रपति शी पसंद हैं और मैं हमेशा उन्हें पसंद करूंगा, लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ समझौता करना बेहद कठिन है!'

### अमेरिका और चीन के टैरिफ में बदलाव

बातचीत को मौका देने के लिए ट्रंप ने चीन से आयात होने वाले सामानों पर लगाए गए 145% शुल्क को घटाकर 30% कर दिया है, जो अगले 90 दिनों के लिए लागू रहेगा। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका से आने वाले सामान पर लगने वाले कर को 125% से घटाकर 10% कर दिया है। हालांकि इन फैसलों से शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है और वैश्विक व्यापार की स्थिरता पर भी खतरा मंडरा रहा है।

---

तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष बना

# भारत संग सीमाओं पर तनाव के बीच यूएनएससी में बढ़ा पाकिस्तान का कद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरहदों पर जारी तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान के कद इजाफा हो गया है। उसे परिषद में दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें वह मौजूदा वर्ष-2025 के लिए 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति की अध्यक्षता करेगा और इसके अलावा आतंकवाद की शरण स्थली के रूप में दुनिया में पहचाना जाने वाला पाकिस्तान 1373 आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष होगा।

इसका अध्यक्ष अल्जीरिया को बनाया गया है। 1373 समिति में उपाध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान के साथ रूस और फ्रांस भी शामिल होंगे। यह निर्णय बीते बुधवार को सामने आया है। जिसे यूएनएससी की संस्थानों द्वारा मिलकर लिया गया है। पाकिस्तान वर्ष 2025-26 के लिए परिषद का गैर स्थायी सदस्य है। यहां बता दें कि भारत लगातार यूएन के मंच पर पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर एक्सपोज करता रहा है। जिसमें उसने बताया है कि पाकिस्तान में यूएन की प्रतिबंधित सूची में शामिल कई वैश्विक आतंकवादी सुरक्षित रूप से रह रहे हैं। इतना ही नहीं अलकायदा का आतंकी ओसामा बिन लादेन भी पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मिला था। वर्तमान में भी पहलगाम हमले के बाद भारत के 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने परिषद के तमाम सदस्य देशों की यात्रा कर भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई, पाक द्वारा भारत में दशकों से फैलाए जा रहे सीमापार आतंकवाद और उसे बिलकुल भी बर्दाश्त ने करने की नीति यानी जीरो टॉलरेंस को लेकर जानकारी दी है।

### 15 सदस्यीय है यूएनएससी

मालूम हो कि परिषद में सदस्यों की कुल संख्या 15 है। जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन और फ्रांस जैसे पांच वीटो अधिकार वाले स्थायी और 10 गैर-स्थायी सदस्य हैं। जिनमें अल्जीरिया, ग्रीस, डेनमार्क, पनामा, दक्षिण कोरिया, गयाना, स्लोवेनिया, सिएरा लियोन, सोमालिया और पाकिस्तान शामिल हैं।

### समितियों के मुख्य कार्य

यूएन की 1988 की प्रतिबंध समिति उन व्यक्तियों, संगठनों या इकाइयों पर कड़े प्रतिबंध लगाती है, जिनका संबंध तालिबान से है। कड़े प्रतिबंधों में आर्थिक प्रतिबंध, यात्रा करने पर रोक और हथियारों की आपूर्ति भी प्रतिबंधित की जाती है। इन लोगों को अफगानिस्तान की शांति, सुरक्षा के लिए खतरा समझा जाता है। समिति में अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान के अलावा रूस और गयाना उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। डेनमार्क को यूएनएससी ने आईएसआईएल व अलकायदा प्रतिबंध समिति (1267) का अध्यक्ष बनाया है। जबकि इसमें रूस, सिएरा लियोन उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109